दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 198/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन म.प्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 27 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in



WORLD NGO DAY


## मार्च में 8 दिन बंद रहेंगे बैंक

**भोपाल।** मार्च में बैंक 8 दिन बंद रहेंगे। इन 8 दिनों में दो बड़ी छुट्टियां भी शामिल हैं। घोषित छुट्टियों के लिहाज से 8 मार्च को होली और 30 मार्च को श्रीराम नवमी की बैंकों में छुट्टी रहेगी।




11 मार्च और 18 मार्च को दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। 5 मार्च, 12 मार्च, 19 मार्च और 26 मार्च को रविवार अवकाश रहेगा।

## शिवमोग्गा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

### करोड़ों की लागत वाली योजनाओं की रखेंगे आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (सोमवार) बेलगावी में शिवमोग्गा हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, पीएम मोदी राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। पीएम मोदी कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में हवाई अड्डे का भ्रमण करेंगे और निरीक्षण करेंगे। आपको बता दें, यह प्रधानमंत्री का इस साल चुनावी राज्य कर्नाटक का पांचवां दौरा होगा।



नए शिवमोग्गा हवाई अड्डे को लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसका यात्री टर्मिनल भवन कमल के आकार का है और इसमें प्रति घंटे 300 यात्री बैठ सकते हैं।

**रेलवे प्रोजेक्ट्स का करेंगे शिलान्यास-** पीएम मोदी आज अपनी कर्नाटक यात्रा के दौरान दो रेलवे परियोजनाओं, शिकारीपुरा-रानीबेन्नूर नई रेलवे लाइन और कोटेगंगुरु रेलवे कोचिंग डिपो की आधारशिला भी रखेंगे। शिवमोग्गा-शिकारीपुरा-रानीबेन्नूर नई रेलवे लाइन 990 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। इससे बेंगलुरु-मुंबई मेनलाइन के साथ मलनाड क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।



## उमा ने किया शिवराज का सम्मान

नई आबकारी नीति घोषणा के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान उमा भारती से मिलने उनके बंगले पर पहुंचे। दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत चली। उमा भारती ने शिवराज सिंह का तिलक लगाकर किया सम्मान।

## इंदौर में 1 मार्च से होगा मुकाबला

### सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से उतरेगी

**इंदौर, एजेंसी।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिहाज से टीम इंडिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में अब तक टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम इंडिया ने शुरुआती दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना रखी है। भारतीय टीम 1 मार्च से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इंदौर पहुंच चुकी है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया अब तीसरे मुकाबले को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से उतरेगी। इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी। लेकिन, इसी बीच इंदौर की पिच को लेकर बड़ा अपडेट आया है, जो टीम इंडिया के लिए चिंता विषय है।

## मेघालय-नगालैंड में वोटिंग: नगालैंड में 36 प्रतिशत, मेघालय में 26 प्रतिशत वोटिंग

### बंगाल समेत 3 राज्यों की 3 सीटों पर भी मतदान जारी

**शिलॉन्ग/कोहिमा।** मेघालय और नगालैंड में विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। दोनों राज्यों की 60-60 सीटें हैं लेकिन इनमें से सिर्फ 59-59 सीटों पर मतदान हो रहे हैं। 11 बजे तक मेघालय में 26.70 प्रतिशत और नगालैंड में 36.30 प्रतिशत वोट डाले जा चुके हैं। इन दोनों राज्यों में चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। नगालैंड में 60 सीटें हैं, लेकिन एक सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद 59 सीटों पर ही वोटिंग होगी। यहां भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया है। वहीं, मेघालय में यूडीपी उम्मीदवार एच. डी. आर. लिंगदोह के निधन के बाद सोहियोंग सीट पर चुनाव टाल दिया गया है।

**भोपाल। मप्र विधानसभा का बजट राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से प्रारंभ हो गया। एक मार्च को शिवराज सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत करेगी। इससे पहले 28 फरवरी को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा।**

### राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ बजट सत्र

# पहली बार आएगा ई-बजट

### नेता प्रतिपक्ष बोले- इसका विरोध करूंगा



## हल लेकर पहुंचे जीतू पटवारी

**इस बजट सत्र के दौरान मध्यप्रदेश में पहली बार पेपरलेस बजट पेश किया जाना है। विधानसभा की ओर से इसके लिए विधायकों को टैबलेट दिए जाएंगे। टैबलेट चलाने के लिए ट्रेनिंग भी विधानसभा सचिवालय कराएगा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने डिजिटल बजट का विरोध करने की बात कही है। उन्होंने कहा, विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करूंगा कि मध्यप्रदेश में एससी/एसटी, गरीब, पिछड़े तबके के विधायक हैं। उन्हें पूरी तरह से डिजिटल की जानकारी नहीं है। इस तरह की प्रक्रिया, जिसके पक्ष में ज्यादा लोग नहीं हों, उन्हें पेपर न देकर, डिजिटल बजट देना तानाशाही है।**

विधानसभा परिसर में हल लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी और कुणाल चौधरी पुलिस ने दरवाजे पर रोका, पटवारी ने कहा कि सरकार ने यह वादा किया था किसानों की आय दोगुनी करेंगे लेकिन किसानों की हालत खराब है उपज का उचित मूल्य तक नहीं मिल रहा है हम किसानों के मुद्दे को लेकर सदन में आवाज उठाएंगे। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा कि सरकार के पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है महंगाई बेरोजगारी सहित कई मुद्दे हैं जिन पर सरकार से सदन में जवाब मांगा जाएगा राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से सरकार अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखेगी। इसमें आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के प्रयासों को प्रमुखता से सामने रखा जाएगा। विभिन्न विभागों में रिक्त एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभ की गई भर्ती प्रक्रिया, निवेश को बढ़ावा देने के लिए इंदौर में आयोजित की गई ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, प्रवासी भारतीय सम्मेलन और जी 20 की बैठकों के सफल आयोजन, चीतों की वापसी, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए आयोजित किए गए रोजगार मेले, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान, विकास यात्रा, सहित विभिन्न विकास संबंधी योजनाओं को प्रमुखता से रेखांकित किया जाएगा।





### विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठेः शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आज से विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ हो रहा है। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। इसमें स्वस्थ बहस होना प्रदेश और जनता के हित में होता है। विपक्ष के मित्रों से कहना चाहता हूं कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बजट सत्र में सार्थक चर्चा में शामिल हों।

### चुनावी नौटंकी कर रहे शिवराजः कमलनाथ

सत्र की शुरुआत के मौके पर कमलनाथ ने कहा- शिवराज चुनावी नौटंकी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना पर बोल रहे थे। सदन की कार्यवाही के पहले मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा, कब फार्म भराएंगे, फार्म कब आएंगे, पैसे कब मिलेंगे, ये सब चुनावी नौटंकी है।

### नेता प्रतिपक्ष की बात मानेंगेः नरोत्तम मिश्रा

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, डिजिटल बजट आना अच्छी शुरुआत है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के बयान पर कहा, जैसा वे कहेंगे, वैसा करेंगे। जीतू पटवारी के हल लेकर आने पर नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा, वे मानसिक रूप से कुंठित हो चुके हैं। उन्हें अपनी ही पार्टी में अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता। विधायक संजय पाठक ने पटवारी के लिए कहा, उपस्थिति दर्ज कराने के लिए थोड़ी-बहुत नौटंकी तो करना ही पड़ती है।

### एमपी की छवि पूरी दुनिया में उज्ज्वल हुईः राज्यपाल

- 15वीं विधानसभा के 5वें और अंतिम बजट को संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अमृत महोत्सव में स्वर्णिम, आत्मनिर्भर भारत बनाने की एक यात्रा शुरू हो गई है। एमपी कदम से कदम मिलाकर पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए हर संभव योगदान दे रहा है। जी-20 की 8 बैठकों की मेजबानी मिली है। एमपी की छवि पूरी दुनिया में उज्ज्वल हुई।
- 15 नवंबर 2022 की तारीख अमर हो गई। पेसा कानून लागू हो गया है। जनजातीय भाइयों को जल, जंगल, जमीन से जुड़े अधिकारों में शक्ति संपन्न बना दिया गया है। 2021-22 आजादी का अमृत महोत्सव जनजातीय सेनानायकों की गौरवगाथाओं से परिपूर्ण रहा है। रानी कमलापति और टंट्या भील के नाम पर रेलवे स्टेशन सरकार की ओर से इन नायकों के चरणों में सच्ची श्रद्धांजलि है।
- 3 साल में 17500 करोड़ से अधिक की लागत के मार्ग बने। अटल टनल, नर्मदा-विंध्य एक्सप्रेस-वे विकास के नए मार्ग साबित होंगे। आम आदमी के हवाई यात्रा के सपने नए हवाई अड्डों के निर्माण से साकार होंगे। सिंचाई क्षमता को लगातार विकसित किया जा रहा है। संत रविदास महाराज का स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया है। सरकार सीएम लाडली बहना योजना ला रही है।
- इस्लाम नगर का नाम जगदीशपुर किए जाने से पुराना गौरव वापस लौट आया है। तीर्थ दर्शन योजना पुनः प्रारम्भ कर दी गई है। इंदौर स्वच्छता में देश का नम्बर 1 शहर है। स्मार्ट सिटी परियोजना के क्रियान्वयन में टॉप 10 स्टेट में एमपी में शामिल है। प्रदेश के जन-जन का सहयोग, स्नेह, जनभागीदारी है।
- सरकार माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने नक्सलियों को मार गिराने का काम किया है। राज्यपाल ने केन-बेतवा परियोजना, महाकाल लोक, पेसा और नए मेडिकल कॉलेज खोलने का भी जिक्र किया।

## पटेरिया को जमानत

- **कहा था- संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या के लिए तत्पर रहो**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित बयान देने वाले कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने उन्हें जमानत दी। पटेरिया का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वह यह कहते हुए सुने गए कि संविधान को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या के लिए तत्पर रहना चाहिए। पन्ना पुलिस ने उन्हें 13 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वे पन्ना जिले की पवई जेल में बंद थे। मामला 11 दिसंबर 2022 का है जब पटेरिया पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था, मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस... हराने के लिए तैयार रहो। दूसरे दिन पटेरिया का बयान सामने आया था। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा था- मैं गांधी को मानने वाले हूं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। मेरा वीडियो गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।



## अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि उसे इस योजना में दखल देने की कोई वजह नजर नहीं आती। अग्निपथ योजना समय की जरूरत है। भारत के आसपास माहौल बदल रहा है। बदलते समय के साथ सेना में बदलाव जरूरी है। इसे एक नजरिए से देखने की जरूरत है। अग्निपथ अपने आप में एक स्टैंडअलोन योजना नहीं है। 2014 में जब पीएम मोदी सत्ता में आए, तो उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक भारत को सुरक्षित और मजबूत बनाना था। ये योजना उसी का एक हिस्सा है। देश को सुरक्षित करने के लिए तकनीक, हाईटेक हथियार, सिक्योर डिफेंस कम्युनिकेशन के क्षेत्र में काफी काम हुआ है।

## सिसोदिया को आज कोर्ट में पेश करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब नीति केस में रविवार को गिरफ्तार किए गए दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सीबीआई आज कोर्ट में पेश करेगी। सीबीआई ने रविवार को सिसोदिया से 8 घंटे पूछताछ की थी। सिसोदिया अभी सीबीआई दफ्तर में हैं। आज दोपहर 2 बजे के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया जाएगा। पेशी से पहले उनका मेडिकल किया गया।सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली में कानून-व्यवस्था ना बिगड़े इसलिए सिसोदिया की पेशी वर्चुअल की जा सकती है।

- **एक्साइज ऑफिस से डिजिटल डिवाइस मिली, फाइल डिलीट थीं, यही बनी गिरफ्तारी की वजह**



जुलाई 2022 में दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की। सक्सेना ने सिसोदिया पर नियमों को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद इडी और सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ जांच शुरू की। इस मामले में भाजपा ने नए टेंडर के बाद गलत तरीके से शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप लगाए हैं।

# शिवराज कैबिनेट में फेरबदल का रास्ता साफ, दर्जनभर शामिल होंगे, 8 की छुट्टी!

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवराज सिंह कैबिनेट में फेरबदल का रास्ता अब लगता है पूरी तरह साफ हो गया। दो दिन पहले देर शाम शिवराज सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच हुई मुलाकात को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। बताते हैं कि भाजपा के केंद्रीय संगठन ने इस बात की अनुमति दे दी है। फिलहाल मंत्रिमंडल में चार जगह खाली है और 6 से 8 मंत्रियों को या तो संगठन में भेजा जाएगा या उन्हें मंत्रिमंडल से हटा दिया जाएगा। यह वे मंत्री हैं जिनकी संगठनात्मक क्षमता बहुत अच्छी है या हैं, जिनके होने से पार्टी को चुनाव में बड़े नुकसान का अंदेशा है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो 6 से 8 जगह खाली करके और पहले से खाली चार जगह को मिलाकर, कोई एक दर्जन नए मंत्री बनाए जा सकते हैं। इन मंत्रियों को सामाजिक समीकरण के हिसाब से मंत्रिमंडल में जगह दिए जाने की तैयारी है।

माना जा रहा है कि संभावित एंटी इनकंबेंसी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। शायद इसीलिए दो दिन पहले मुख्यमंत्री को अचानक दिल्ली तलब किया गया था। जहां उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन मंत्री बीएल संतोष के साथ करीब डेढ़ घंटे से ज्यादा मुलाकात की थी। इस फेरबदल में कई नए चेहरों को सरकार में शामिल किया जा सकता है।



जबकि, अभी मंत्रिमंडल में शामिल कुछ नेताओं को संगठन की जिम्मेदारी दी जा सकती है या चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा सकता है।

**मंत्रिमंडल में शामिल होंगे नए चेहरे -** अभी मंत्रिमंडल से 6 से 8 को संगठन में भेजा जा सकता है। जबकि, 10 से 12 नए को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। सामाजिक समीकरण के हिसाब से अभी 10 राजपूत, 8 ओबीसी, 4 एसटी, 3 एससी और दो ब्राह्मण चेहरे मंत्रिमंडल में है। इसे और पुख्ता बनाने की तैयारी चल रही। पर, अभी नामों को लेकर फैसला नहीं लिया गया है।

### एंटीइनकंबेंसी का खतरा ज्यादा

इसी साल अक्टूबर में मध्य प्रदेश के साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होना हैं। ऐसे में भाजपा के लिए मध्य प्रदेश बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, पार्टी और संघ के सर्वे में स्थिति बहुत अच्छी नहीं बताई जा रही। यही कारण है कि मंत्रिमंडल फेरबदल करके स्थिति में सुधार की कोशिश की जा रही है। 230 विधानसभा सीटों वाले मध्य प्रदेश में फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के 122 विधायक हैं। जबकि, मुख्यमंत्री के अलावा 30 मंत्री। मंत्रिमंडल में 4 पद खाली हैं। मंत्रिमंडल की संख्या 35 की जा सकती है। सरकार में सामाजिक समीकरण बैठाने की कोशिश की जा रही है। लंबे समय से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के चलते एंटी इनकंबेंसी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पार्टी मार्च में कैबिनेट फेरबदल करके नाराजी दूर करने की कोशिश में है।

## भोपाल में 2 डिग्री बढ़ा पारा, 18 डिग्री पहुंचा

### सागर, नरसिंहपुर, सिवनी की रातें भी गर्म धार-खरगोन में दिन में गर्मी ज्यादा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कई शहरों में पारा 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। खंडवा में सबसे ज्यादा 36 डिग्री है। वहीं, धार, खरगोन, दमोह, खजुराहो और सिवनी में भी तापमान बढ़ा है। सागर की रात सबसे गर्म है। यहां पारा 18 से 20 डिग्री के बीच चल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अब तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी होगी। इस बार गर्मी का ट्रेंड बदल गया है। फरवरी में ही गर्मी का असर बढ़ने लगा है। फरवरी के आखिरी दिनों में पारे में बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण पंखे चलाने की नौबत बन गई है। मार्च के पहले सप्ताह में तेज गर्मी की शुरुआत हो जाएगी। वहीं, दूसरे पखवाड़े में लू चलने के भी आसार है।



# उच्च श्रेणी शिक्षिका विमला परिहार का किया सम्मान



संत हिरदाराम नगर। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निशातपुरा की उच्च श्रेणी शिक्षिका विमला परिहार सफलतम सेवानिवृत्ति और शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्कूल अधिकारियों, सहकर्मियों, छात्र-छात्राओं, और जीनगर समाज अध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर पृथ्वीराज चैहान, रमेश निर्वाण, राजू परिहार, सोनू पवार, राजेश आसेरी, विशाल परिहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासियों ने जुलूस के रूप में हर्ष उल्लास के साथ स्वागत सत्कार किया।

# जल की स्वच्छता के साथ मन की स्वच्छता भी आवश्यक: सुदीक्षा

## स्वच्छ जल, स्वच्छ मन निरंकारी सत्गुरु द्वारा प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ



संत हिरदाराम नगर। आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के तत्वावधान् में सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद से आज प्रात: 8.00 बजे 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' के तहत समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई।

बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में ब्रांच भोपाल द्वारा जहा खटलापुरा घाट एवम ब्रांच बैरागढ द्वारा गुलाब उधान के पास बड़ी झील के आसपास क्षेत्र की सफाई की गई। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णत: वर्जित था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुजूर क्षेत्र के विधायक आदरणीय रामेश्वर शर्मा ने मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु 'जल संरक्षण' एवं 'जल निकायो' की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषत: पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वननेस वन परियोजना' और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु 'अमृत प्रोजेक्ट' प्रमुख है।

# नव युवक सभा द्वारा संचालित स्कूलों में आशीर्वाद समारोह का




संत हिरदाराम नगर। नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उ. मा. विद्यालय प्रांगण में आशीर्वाद समारोह संत सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। क्षा 12वीं के बच्चों ने 11वीं के बच्चों को ज्ञान ज्योति प्रदान की एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कक्षा 11वी एवं 12वीं के बच्चों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय प्रबंध समिति एवं शिक्षिकाओं की प्रशंसा की एवं सिद्ध भाऊ को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहे जो हमें आगे बढ़ने और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देते हैं। इस शुभ अवसर पर सिद्ध भाऊ ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, नम्रता होना सफलता की सीढ़ी है विद्यालय के संस्कार ही हमें आगे बढ़ने के लिए काम आते हैं माता पिता और गुरु ईश्वर के रूप हैं उनका आशीर्वाद हमेशा लेना चाहिए इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने छात्र परिषद के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## चैतीचांद पर्व को लेकर किराना एसोसिएशन की हुई बैठक



संत हिरदाराम नगर। किराना धर्मशाला की बैठक किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रकुमार शाहानी के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 23 मार्च को सिंधी समाज के पावन पर्व 'चैतीचांद'' को बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। चैतीचांद पर्व पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसका संत नगर के अनेक चैराहों पर भव्य स्वागत किया जायेगा। बैठक में अपील की गई कि इस चैतीचांद पर्व पर सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान बन्द कर शोभायात्रा में शामिल हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महीने के आखिरी दो शनिवार पूर्णरूप से सभी किराने की दुकानें बन्द रखें। बैठक में मुख्य रूप से होलसेल दाल चावल एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत मोहनानी, सुरेश कुमार नागवानी, मनीष गिदवानी, नरेश गिदवानी, नरेश शेवानी, गोपालदास, संतोष रायचंदानी, प्रकाश बेलानी सहित कई उपस्थित थे।

## शिव महापुराण की कथा और कलश यात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न



संत हिरदाराम नगर। आगामी 1 मार्च से 5 मार्च तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां चल रही है। कलश यात्रा को लेकर महिलाओं की बैठक रखी गई। जिसमें कथा वक्ता मुकेश महाराज ने महिलाओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा की 1 मार्च को सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा भोले के दरबार से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए साईं सेलिब्रेशन गार्डन कथा स्थल पहुंचेगी। जिसके उपरांत कथा का आरंभ होगा। मुकेश महाराज द्वारा समस्त महिला मंडल को कलश यात्रा एवं कथा आयोजन में उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर कथा संयोजक बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, महेश खटवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्वालु उपस्थित थे।

# भोपाल के अहाता कर्मचारियों ने मंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा ज्ञापन



भोपाल। चतुर बंगले मंत्री जगदीश देवड़ा के निवास पर अहाता कर्मचारी ने मुलाकात की जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि अप्रैल माह में जो सरकार की नई नीति मैं खाता बंद करने का प्रस्ताव आया है उसे जल्द से जल्द रद्द किया जाए क्योंकि अगर आता बंद होंगे तो लाखों कर्मचारी कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे और बेरोजगारी की कगार बढ़ जाएगी साथ ही जो कर्मचारी यों के पास रोजगार का दूसरा साधन नहीं है आता के अलावा उनके परिवार का पालन पोषण बेहद बुरा होने शुरू हो जाएगा और अगर आता बंद होता है तो शराब पीने वाले लोग सड़क पुल गार्डन आदि स्थानों में बैठकर शराब पिएंगे और वहां गंदगी भी खिलाएंगे और अपराध भी बढ़ेंगे हमारा आपसे निवेदन है कि हमारी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए हाथों को यथावत चालू रखा जाए और आदेश में परिवर्तन करा था खोलने एवं बंद होने का एक समय और स्कूल कॉलेज खुलने से 1 घंटे पूर्व बंद होने के 1 घंटे बाद की खुलने की समय पर दी जाए और जिसे आता में काम कर रहे कर्मचारियों का पालन पोषण भी चलता रहे इस मौके पर कर्मचारियों ने मंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा ज्ञापन ।

## हर्षोल्लास से मनाया राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव



भोपाल। इस रानी मार्केट हमीदिया रोड स्थित राजा वीर मंदिर पर पूज्य राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर विशेष अतिथि महासचिव राष्ट्रीय हिंदू महासभा एवं महामंत्री भारतीय जनता पार्टी भगवानदास सबनानी एवं अतिथि के रूप में राजेश सिंह गोरानी भगवानदास देव रानी नरेश ज्ञानचंदानी थे महोत्सव की शुरुआत राजा वीर विक्रमादित्य के मंदिर पर दीप प्रज्वलन कर हुई इसके बाद भव्य आरती का आयोजन किया गया राजा वीर समिति के अध्यक्ष लखू अंदानी ने बताया समिति द्वारा 73 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस मंदिर की मिट्टी समाज के पूर्वज सिंध प्रांत से लाए थे इस महोत्सव में साईं मनीष लाल साहेब द्वारा वही राणा साहब की आहुति होगी एवं कमल भगत ग्वालियर द्वारा सिंधी भगत की प्रस्तुति दी जा रही है कल महोत्सव के अवसर पर झमाझम झूलेलाल भजन मंडली द्वारा भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# वार्ड 76 के बूथ क्रमांक 109 पर सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



भोपाल। शहीद भगतसिंह मंडल वार्ड 76 के बूथ न.109 छोला खेड़ापति श्री हनुमान मंदिर, सेवा भारती केंद्र में भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, मंडल उपाध्यक्ष रामबाबू भार्गव, वार्ड 76 की पालक कुसुम सिंह, वार्ड संयोजक विकास चौरसिया के उपस्थिति में तथा FCI शक्ति केंद्र प्रभारी मुन्ना शुक्ला के नेतृत्व में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 98 एपिसोड के मन की बात आयोजित की गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश सचिव एडवोकेट केपी पाठक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल साहू, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अनिल रजक, शक्ति केंद्र प्रभारी गणेश बड़ेले, धनराज साहू, अनूप मेघानी, नरेश श्रीवास, चंदन कुचबंदिया, नवल सिंह मेहरा, राजेश साहू, राजेंद्र मीणा, संदीप साहू, एडवोकेट गगनबिहारी यादव, गब्बर साहू उपस्थित थे ।

## तकनीकी शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक में लिए कई निर्णय

भोपाल। तकनीकी शिक्षक संघ की गूगल मीट पर ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रोफेसर उदय चौरसिया अध्यक्ष तकनीकी शिक्षक संघ द्वारा की गई , मीटिंग में 120 सदस्यों ने शिरकत की विशेषकर डॉ वीरेंद्र कुमार , डॉ ए ए सिद्दीकी , डॉ आलोक यादव, प्रोफेसर बीएल बसिया, प्रोफेसर असलम हुसैन, प्रोफेसर ओपी श्रीवास्तव, प्रोफेसर मनीष अहिरवार एवं प्रदेश के कोने-कोने से तकनीकी शिक्षक संघ के सदस्य प्राचार्य एवं लेक्चरर एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे। मीटिंग 2:30 घंटे तक तक चली जिसमें तकनीकी शिक्षक संघ शासन में सेवा भर्ती नियम 2004 के शिक्षकों के संविलियन के लिए पिछले 1 साल से संघर्ष कर रहा है सविलियन को गति देने के लिए तकनीकी शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर चौरसिया ने संघ के सदस्यों से आह्वान किया है की अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिसमें विधायक, मंत्री, सांसद सदस्य से उनके लेटर हेड पर मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए पत्र लिखें जिसमें मुख्यमंत्री से शासन में 2004 नियुक्त शिक्षकों को सविलियन के लिए निवेदन किया जाए संघ के सभी सदस्यों ने संघ के अध्यक्ष को बताया यह कार्य एक हफ्ते में कर लिया जाएगा। तकनीकी शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय चौरसिया एवं संचालक तकनीकी शिक्षा डॉ वीरेंद्र कुमार के साथ के साथ 10 सदस्य ड्राफ्ट कमेटी (सेवा भर्ती नियम 2004 ) मर्जिंग कमेटी इस हफ्ते अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश शासन से मिलकर सेवा भर्ती नियम 2004 के शिक्षकों के मर्जिंग संबंधित ड्राफ्ट का प्रेजेंटेशन देकर उन्हें मर्जिंग रिपोर्ट सोपेंगे सहित कई निर्णय लिए गए।

# संगोष्ठी आयोजित कर शिवकुमार चौबे को प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

भोपाल। वरिष्ठता बहाली मंच मध्यप्रदेश ने भोपाल में संगोष्ठी आयोजित कर शिवकुमार चौबे को प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री की 21 जनवरी मुख्यमंत्री निवास में की गई घोषणा अध्यापक शिक्षक संवर्ग को पुराने शिक्षक संवर्ग के समान सेवा शर्तों का निर्धारण कर समस्त लाभ दिए जायेंगे,अब सभी शासकीय शिक्षक होंगे,अब कोई भेदभाव नहीं होगा के विपरीत शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई 2018 से अध्यापक शिक्षक संवर्ग की सेवा अवधि शून्य करते हुए ग्रेच्युटी सहित अनेक आर्थिक लाभ से वंचित कर दिया, जिसके लिए वरिष्ठता बहाली मंच मध्यप्रदेश ने प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना करते हुए समस्त सेवा शर्तों का का निर्धारण कर वरिष्ठता की एक सुत्रीय मांग को लेकर शिक्षक शिक्षा गुणवत्ता संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कर्मचारियों के बीच सेतु का कार्य करने वाले शिवकुमार चौबे कैबिनेट मंत्री दर्जा को ज्ञापन सौंपकर चर्चा की और मुख्यमंत्री जी से प्रतिनिधि मंडल को मिलवाकर निराकरण का निवेदन किया, कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि महेन्द्र शर्मा अध्यक्ष लघुवेतन कर्मचारी संघ मप्र,श्री नीरज सक्सेना प्रदेशाध्यक्ष न्यायालयीय कर्मचारी संघ,सुधीर नायक मंत्रालय एवं मार्गदर्शन मुरारीलाल सोनी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी नेता की गरीमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। संगोष्ठी को आरिफ़ अंजूम, मनोहर दुबे, राजिक कुरैशी, महेंद्र पांडे, राजेश मिश्रा, सुश्री बबीता मिश्रा, प्रमोद सिंह पंवार, रामचरण वर्मा ने संबोधित किया, बालगोविंद द्विवेदी ने संचालन किया

परसराम कापड़िया रतलाम ने जानकारी दी कि इस आयोजन में वरिष्ठता बहाली मंच की टीम में शामिल भगवान सिंह गुर्जर, राकेश पांडे, हीरानंद नरवरिया, अवनीश श्रीवास्तव,मनीष यादव,रामचंद्र दांगी, सुदामा प्रसाद शर्मा, जनार्दन खवसे, भोजराज पालीवाल, मुकेश कुशवाह,,संतोष सोलंकी, देवेन्द्र दूबे, मनमोहन जाटव भोजराज पालीवाल, राधेश्याम पुरविया, बद्रीलाल गामी, जगदीश गौर , दिनेश जायसवाल सहित मध्यप्रदेश में अनेक पदाधिकारियों सहित सैंकड़ों शिक्षकों से संगोष्ठी में भाग लिया।

## अजाक्स महाधिवेशन में अधिकारियों पर लगाए आरोप



भोपाल। अजाक्स महाधिवेशन पदोन्नति में आरक्षण लागू न कराने को लेकर अधिकारियों पर आरोप लगाए गए। महाधिवेशन में मुख्यमंत्री को याद दिलाया अपना वायदा। पदोन्नति और निजी क्षेत्र में आरक्षण समेत 26-सूत्रीय ज्वलंत मुद्दों पर राज्य सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। बैकलॉग पदों की भर्ती, पुरानी पेंशन व्यवस्था भी बहाल करने की हुई मांग अधिकांश प्रतिनिधियों ने राज्य में अजा/ अजजा वर्ग की 40 प्रतिशत आबादी उपरांत भी उनका मुख्य धारा से दूर होने पर प्रश्न उठाया।

# शिक्षा के साथ संस्कारों के आधार पर टिका सरदाना इंटरनेशनल स्कूल

भोपाल। इतिहास के पन्ने बताते हैं कि विश्व के लिए भारत सभ्यता की रीढ़ रहा है। जबकि गुलामी का विभस्त काल शुरू होने से पूर्व भारत राजनीतिक रूप से भले उतना सुदृढ़ नहीं था लेकिन आर्थिक व शैक्षिक रूप से हमारा देश काफी समृद्ध था, और खासकर शैक्षणिक दृष्टि से इसे मजबूत बनाने में गुरुकुल शिक्षा पद्धति की प्रमुख भूमिका रही थी, जिसे बहुत संगठित तरीके से भारत की आत्मा से अलग कर दिया गया। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा एक व्यवसाय बन गया है, और विद्या मंदिर कहे जाने वाले स्कूल कॉर्पोरेट ऑफिसेज में तब्दील हो चुके हैं। ये कहना है मध्य प्रदेश के देवास में स्थित सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के फाउंडर और अध्यापक ललित सरदाना का, जो पिछले 26 वर्षों से खासकर इंजीनियरिंग, मेडिकल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणामों के लिए जाने जाते हैं।

भोपाल में सरदाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऑल इंडिया 243वीं रैंक होल्डर, और फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ्स जैसे महत्वपूर्ण सब्जेक्ट्स की तैयारी खुद ही कराने वाले आईआईटी दिल्ली से पासआउट, सरदाना सर ने भारत के एजुकेशन सिस्टम में कुछ जरुरी बदलावों पर प्रमुख जोर दिया। सरदाना सर के मार्गदर्शन में सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, स्पोर्ट्स में भी छात्रों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। परिणाम स्वरुप सरदाना स्कूल के बच्चे पढ़ाई में आशातीत परिणाम के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी अव्वल बने हुए हैं। इतना ही नहीं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए भी विशेष सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों की शिक्षा और व्यक्तित्व निखार में, आर्थिक पक्ष रोड़ा न बने।

# मप्र की धरती से प्रारंभ हुई लाड़ली बहना योजना लायेगी समाजिक क्रांति: शिवराज सिंह

## बकतरा में राज्य स्तरीय विकास यात्रा का समापन, 118 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति है जो मध्यप्रदेश की धरती से प्रारंभ हुई है। यह योजना बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान भी है। योजना से गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये मेरे द्वारा की गई तपस्या पूरी होगी। मुख्यमंत्री चौहान रविवार को सीहोर और रायसेन जिले के सीमावर्ती बकतरा में विकास यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बेटियों और बहनों की जिंदगी बदलने का यह महायज्ञ है, जो उनके युवावस्था के आंदोलनों और बेटा-बेटियों को समान मानने की सोच से उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कन्या विवाह/निकाह और लाड़ली लक्ष्मी जैसी अनेक योजनाओं को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का कमाल है कि आज गरीब के घर में बेटी लखपति पैदा होती है और अब बेटी की पहचान वरदान के रूप में होती है।

मुख्यमंत्री चौहान ने हजारों की संख्या में महिलाओं के कार्यक्रम में शामिल होने को क्रांति बताया और हजारों बहनों द्वारा उन्हें दी गई रखियों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना से उनका भाई शिवराज अपनी बहनों को हर महीने 1000 रूपए भेजेगा। इससे महिलाओं की घर और समाज में इज्जत बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने बकतरा में सीएम राइज स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कोई खेत सिंचाई और कोई भी गाँव बिना सड़क के नहीं है। उन्होंने बकतरा के अनेक गाँव को जोड़ने वाले कई मार्गों का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल पहले बुधनी हर क्षेत्र में पिछड़ा था। पिछली 15 माह की सरकार द्वारा गाँव, गरीब और वंचितों की योजनाओं को बंद कर आमजन के साथ कुठाराघात किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नहीं अपने प्रदेश के हर परिवार के सदस्य है। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के बाद हुई विकास यात्रा सेवा का संकल्प था। करोड़ों रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा में करोड़ों लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया गया है। यदि कोई पात्र व्यक्ति रह गया है तो उसे चिन्हित कर लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले में विकास यात्राओं में एक लाख 30 हजार लोगों के बीमा और स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने की पहल पर जिला प्रशासन की प्रशंसा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया जारी है। अब प्रदेश के बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालय के बच्चों को मेडिकल में प्रवेश के लिए आरक्षण देने का प्रावधान किया जायेगा। राज्य सरकार अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा भी करवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में श्रीमहाकाल महालोक की तर्ज पर अब सलकनपुर मंदिर में भी देवी महालोक बनाया जा रहा है, जिसमें भक्तों को माता के सभी रूपों के दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री चौहान हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक विकास रथ से पहुँचे। मुख्यमंत्री चौहान का बकतरावासियों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने समारोह में कन्या-पूजन भी किया।

सांसद रमाकांत भार्गव ने मुख्यमंत्री की सहजता से क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बुधनी, विकास की नई इबारत लिखेगा। सैकड़ों बहनों ने मुख्यमंत्री को रक्षा-सूत्र बाँधा और लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री चौहान का आभार व्यक्त किया।

**मुख्यमंत्री चौहान को महिलाओं ने लिखी पाती:** मुख्यमंत्री चौहान द्वारा रक्षाबंधन पर प्रदेश की बहनों को लाड़ली बहना योजना उपहार के रूप में देने के लिए बुधनी विधानसभा क्षेत्र की 3 हजार से अधिक बहनों ने पाती लिख कर आभार व्यक्त किया। भैया के नाम लिखी गई बहनों की पाती को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री चौहान ने बहनों की पाती पढ़ी और धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने बकतरा में विकास यात्रा के प्रदेशव्यापी समापन में बुधनी विधानसभा में 118 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बकतरा में 23 लाख 43 हजार रूपए की लागत से बने पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण भी किया।

**बुधनी विकास यात्रा के दौरान किए गए कार्य:** प्रदेश के साथ विधानसभा बुधनी में भी विकास यात्रा का प्रारंभ 5 फरवरी को ग्राम पंचायत रतनपुर से हुआ था। यात्रा 66 ग्राम पंचायतों के 146 ग्रामों से निकाली गई, जिसमें जन-प्रतिनिधि और अधिकारी की लगातार उपस्थिति रही है। विकास यात्रा में 12 करोड़ 15 लाख रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं 12 करोड़ 7 लाख रूपये के कार्यों का भूमि-पूजन किया गया। बुधनी विकास यात्रा के दौरान 13 हजार 710 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें से 94.5 प्रतिशत निराकरण कर लाभ प्रदान किया गया है। इस दौरान विकास यात्रा में नवाचार के रूप मे सुरक्षित सीहोर अभियान चलाया गया, जिसमें बुधनी विकासखण्ड में 20 हजार से अधिक लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा किया गया।

## गांव में भी मिल रही है शहरों की तरह सुविधाएं: डॉ. मिश्रा



**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने विकास यात्रा के समापन पर कहा कि पूरे प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। अब गाँव में भी शहरों की तरह सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ. मिश्रा रविवार को विकास यात्रा के अंतिम दिन दतिया विधानसभा क्षेत्र के पिटसुरा, भदुमरा, एरई, हिडोरा और घुघसी गाँव की यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने लगभग एक करोड़ 50 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। डॉ. मिश्रा ने विकास यात्रा में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के साथ ही शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनता के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही है। सरकार निरंतर प्रयत्न कर रही हैं कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से लाभान्वित किया जाए। संत रविदास जयंती से प्रारंभ विकास यात्रा में गाँव-गाँव जाकर पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करने का काम किया गया। हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया गया है। सरकार के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि गाँव में विकास कार्य चहुँओर दिखाई दे रहे हैं। गाँव में न सिर्फ गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है बल्कि युवाओं के लिए स्वीमिंग पूल भी बनाए जा रहे हैं। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा है कि यदि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभों से वंचित है तो वह आगे आए हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने ग्राम पिटसूरा में 17 लाख रूपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की घोषणा की। ग्राम भदूमरा में 54 लाख 55 हजार रूपये के विकास कार्य की ग्रामीणों को सौगातें देते हुए 4 भूमिहीन ग्रामीणों को आवासीय पट्टे भी वितरित किए। उन्होंने ग्राम एरई में एक करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें देकर 28 अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को आवासीय पट्टे प्रदाय किये। ग्राम हिड़ोरा में 33 लाख 54 हजार रूपये के विकास कार्यों की घोषणा की साथ ही 20 भूमिहीन परिवारों का आवासीय पट्टे प्रदाय किये। मंत्री डॉ. मिश्रा ने ग्राम घूघसी में 48 लाख 54 हजार रूपये के विकास कार्यों की घोषणा की और 13 भूमिहीन ग्रामीणों को आवासीय भूखण्ड के स्वीकृति-पत्र भी वितरित किए। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने विकास यात्रा के अंतिम दिन ग्रामीणों को 61 लाख 64 हजार रूपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण कर सौगातें दी। उन्होंने रविवार को विकास यात्रा में ग्राम घूघसी में 37 लाख 99 हजार रूपये की लागत से नव-निर्मित गौशाला और 3 लाख 85 हजार से निर्मित किए गए स्वीमिंग पुल की सौगात दी।

# तस्कर को किया गिरफ्तार, 8 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

थाना क्राइम ब्रांच ने रविवार को मुखबिर गोविंदपुरा दशहरा मैदान से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिससे लगभग 8 ग्राम एमडी नशीला पदार्थ बरामद किया उपरान नारकोटिक्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिसे प्राप्त जानकारी अनुसार क्राइम ब्रांच को मुखबिर ने बताया कि एक लडका जो गोविन्दपुरा दशहरा मैदान नशीला पदार्थ एमडी बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है, सूचना पर बताये स्थान पर पहुंचबकर सिद्धार्थ राव पिपलानी को पकड़ कर तलाशी ली गई तो उसकी लोवर की बाँयी जेब मे दो सफेद पन्नी के अंदर सफेद क्रिस्टलनुमा दानेदार, गंधयुक्त पदार्थ मिला तथा दूसरी पन्नी में मटमैले रंग का नमी एवं गधयुक्त दानेदार पाउडरनुमा पदार्थ मिला। जो संदेही द्वारा स्वंय का होना बताया तब उस पाउडर नुमा पदार्थ की पहचान देखकर, सूँघकर, रगडकर व स्वंय के प्रशिक्षण एवं अनुभव के आधार पर की गई तो दोनो पन्नियो मे मिला पदार्थ अवैध मादक पदार्थ एमडी होना पाया गया तथा आरोपी सिद्धार्थ राव ने भी पूछताछ पर मादक पदार्थ एमडी होना स्वीकार किया आरोपी के विरूद्ध धारा 8/22 एडीपीएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भोपाल।** गणेश सांस्कृतिक एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संस्कृति संचालनालय के सहयोग से इंद्रपुरी भोपाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाई गिरीश शर्मा उपस्थित रहे जिसमें मुख्य कलाकार भोपाल के सम्मानित गायक प्रमोद विश्वकर्मा, अश्विन बिल्लोरे, सरिता शर्मा, गणेश गुर्जर के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें गणमान्य नागरिकों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई।




# हास्य नाटक शराफत तेरी ऐसी तैसी का सिंधी में हुआ मंचन

## कला ,पत्रकारिता और समाज सेवा क्षेत्र की प्रतिभाएं हुई सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हिंदी के लोकप्रिय हुए नाटक शराफत तेरी ऐसी तैसी का सिंधी भाषा में नाट्य मंचन रविवार को शहीद भवन हुआ। राजधानी की संस्था अखंड सिंधु संसार विचार मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था का यह 23 वां नाट्य एवं सम्मान समारोह था। नाटक और फिल्म अभिनेता और सिंधी,हिंदी रंगमंच के वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अशोक बुलानी के निर्देशन में सिंधी रंग समूह संस्था के कलाकार ,राकेश शेवानी गुल पहलाजानी, मीना पहलाजानी, ज्योति चावला, कल्पना चंदानी, लखन परयानी ,तन्मय वासवानी,विजय ज्ञानचंदानी, पिंकी लालवानी, जानवी भावनानी ने 'माउ मुई शराफत जी' (शराफत तेरी ऐसी तैसी) में अभिनय किया। संगीत संयोजन उत्कर्ष जगवानी और प्रकाश संयोजन ब्रजेश अनय का था। कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया। सम्मान समारोह का संचालन आल इंडिया रेडियो की उद्घोषिका हर्षा मूलचन्दानी ने किया। अखण्ड सिंधू संसार विचार मंच ने सिंधी कलाकारों का मंच प्रदान करने एवं समाज में सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए 25 वर्ष नाट्य एवं सम्मान समारोह की शुरूआत की थी।सिर्फ कोरोना काल छोड़कर संस्था ने निरंतर कार्यक्रम भोपाल और इंदौर के अलावा प्रदेश के शहरों में किये हैं। संस्था आगामी वर्ष से अनुवाद पुरस्कार भी देगी।



**प्रतिभाएं सम्मानित:** अखंड सिंधु संसार विचार मंच के सम्मान कार्यक्रम और नाट्य मंचन की शुरुआत दीप जलाकर की गई। दादी ईश्वरी देवी ,कटनी ने पूजा आराधना की। दादी ने दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की। ज्ञानचंद लालवानी ने दादी का सम्मान किया। किशन बजाज पत्रकारिता सम्मान से अनिल संगवानी सम्मानित किए गए। हर्षा मूलचंदानी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ रंगकर्मी सम्मान से सुरेश पारवानी सम्मानित हुए। कविता इसरानी को कौशल्या देवी लखानी कला सम्मान दिया गया। अखंड सिंधु संसार विचार मंच,भोपाल के नाट्य मंचन और राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मान कार्यक्रम में शहीद भवन,भोपाल में प्रो मनवानी श्रेष्ठ सिंधी स्मारिका सम्मान, संजय खूबचंदानी, कटनी को दिया गया। सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए श्री छांगोमल लालवानी समाज सेवा सम्मान से किशोर कोडवानी सम्मानित किए गए। समाजसेवी तुलसी नेनवानी अशोक मनवानी और अन्य पदाधिकारियों ने सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम संयोजक ज्ञानचंद लालवानी ने सभी का आभार माना।

**शराफत तेरी ऐसी तैसी ने बहुत हंसाया:** इस चर्चित हिंदी हास्य नाटक का सिंधी रूपांतरण रंग समूह की ओर से आज शहीद भवन के मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह नाटक आज के युग में शरीफ व्यक्ति के समक्ष आने वाली मुश्किलों और दुश्वारियां को बयां करता है। शराफत किस तरह कभी कभी बहुत महंगी पड़ जाती है ,इसे हास्य व्यंग्य के साथ चुटीले संवादों से अशोक बुलानी जी के सधे हुए निर्देशन में कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के साथ दर्शकों को दिखाया गया।प्रस्तुति सभी को आनंदित कर गई।

# विकास कार्यों का भूमिपूजन, हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विकास यात्रा के दौरान गोविंदपुरा विधानसभा, वार्ड 73 में, 21 करोड़ 45 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा सैकड़ों हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की राज्य मंत्री दर्जा, गोविंदपुरा विधानसभा विधायक कृष्णा गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर ने चांदबाड़ी, शिवशक्ति नगर, अनंत नगर, शिव नगर फेस-3 फेस-2, लक्ष्मी नगर, चंदन नगर में सामुदायिक भवन, पीने की पाइप लाइन बिछाने, नाला, नाली, सड़क निर्माण के लिये 2 करोड़ 45 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया एवं हितग्राही सम्मेलन में जनकल्याणकारी योजनाओं के सैकड़ों लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।

विधायक कृष्णा गौर, पार्षद राजू राठौर के साथ भानपुर मंडल अध्यक्ष नीलेश गौर, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि भाजपा वरिष्ठ नेता राजू लोधी, पूर्व पार्षद, वरिष्ठ नेत्री तुलसा वर्मा, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, भाजपा जिला मंत्री भीकम सिंह बघेल, गोविंदपुरा विधानसभा विकास यात्रा प्रभारी टीआर मिश्रा, गोविंदपुरा विधानसभा प्रभारी बारेलाल अहिरवार, विधानसभा सह प्रभारी गणेशराम नागर, मंडल महामंत्री सुबोध साहू,



विमलेश कुमार, विकास यात्रा मंडल प्रभारी, मंडल उपाध्यक्ष नर्बदा सचान, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू, समाजसेवी प्रकाश पटेल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति, वार्ड 73 के संयोजक देवेंद्र साहू ने भी किया भूमिपूजन एवं हितग्राहियों को किया प्रमाण पत्र वितरण। कार्यक्रम को कृष्णा गौर ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा विधानसभा में किए गए विकास कार्यों तथा होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी, राजू राठौर, निलेश गौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बालिस्ता रावत ने किया। विधायक कृष्णा गौर ने नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश कुमार राजेश, जोन 16 के जोनल अधिकारी राजेंद्र अहिरवार, सिविल इंजीनियर फुरकान खान का मंच पर सम्मान कराया। वार्ड के नागरिकों ने ढोल की थाप पर थिरकते हुए, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा कर बड़ी-बड़ी माला पहनाकर, मिष्ठान वितरण कर विधायक एवं पार्षद का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, पार्षदगण, कैलाश गौर, बीएस मरमट, शिवदयाल मैथिल, राहुल कुचबंदिया, केपी पाठक, गायत्री गायकबाड़, रविशंकर लोधी, मुकेश ठाकुर, कमलेश गंगेले, अनिल राजपूत, संदीप अहिरवार, बलराम रजक, कामता प्रसाद गौर, चंद्रप्रकाश गौर, पुरुषोत्तम चौरसिया, रामदयाल धाकड़, किशनलाल चौरसिया, मोहन साहू, रमा कुशवाहा, अनीता ठाकुर, मांगीलाल पटेल, कमलेश अहिरवार, संदीप सौदा, दिव्या पटेल, रीना धाकड़, ज्योति विश्वकर्मा, सविता द्विवेदी, कैलाश सोनी, विशाल साहू, शुभम कोरी, सीता चौरसिया, संध्या यादव, हुकुम सिंह बघेल, डीएस वर्मा, मुकेश बघेल, फूलचंद्र शास्त्री, श्रीनारायण दुबे, जितेंद्र ठाकुर, धर्मा दांगी, रघुवीर सेन, कोमल लोधी, सौरभ राठौर, विमलेश ठाकुर, सुशील चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## व्याख्यान एवं राज्य स्तरीय पत्रकारिता सम्मान 4 मार्च को होगा



**भोपाल।** राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान अलंकरण समारोह एवं व्याख्यान का आयोजन शनिवार, 4 मार्च को माधवराव सप्रे समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित व्याख्यान का विषय है एक देश एक चुनाव। इसके मुख्य वक्ता होंगे भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ.पी. रावत जी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय,भोपाल के कुलपति प्रो. के.जी. सुरेश। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर करेंगे। इस अवसर पर समसामयिक मुद्दों पर केंद्रित पुस्तक पत्रकारिता का धम का विमोचन भी होगा। प्रदेश के जाने माने पत्रकार भुवन भूषण देवलिया की स्मृति में व्याख्यान का यह ग्यारहवां वर्ष है। भुवन भूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति ,भोपाल ने सागर शहर के गौरव आंचलिक पत्रकार संघ के संस्थापकों में से एक और सैकड़ों युवाओं को देश के मीडिया संस्थानों में सेवा के योग्य बनाने वाले देवलिया जी की स्मृति में एक पुरस्कार भी स्थापित किया है । प्रतिवर्ष समारोह पूर्वक चयनित आंचलिक पत्रकार को पुरस्कृत किया जाता है। यह जानकारी समिति के सदस्य अशोक मनवानी ने दी।

# व्हाट्सएप के बगैर भारतीय नहीं रह सकते, इंफोसिस के बिना अमेरिकी



अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने भारत को सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार करार दिया है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में एप्पल और गूगल जैसी कंपनी अपने फोन उत्पादन को बढ़ा रही है।

जैसा कि अमेरिका बेहतर भविष्य के लिए तत्पर है यह प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपने संबंधों को सशक्त करने की इच्छुक है। मंत्री ने कहा हम आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन को मजबूत करने के लिए 'फ्रेंडशोरिंग' (दोस्ताना संबंध) के नजरिए से आगे बढ़ेंगे। येलेन ने यहां त-20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक से अलग अमेरिका और भारत के प्रौद्योगिकी व्यापारिक नेताओं की राउंड टेबल बैठक को संबोधित कर रही थीं।

भारत सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार

अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा, अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2021 में हमारा द्विपक्षीय व्यापार 150 अरब डॉलर से पार कर गया। हमारे लोगों के बीच संबंध हमारे रिश्ते की गहराई की पुष्टि करते हैं। दो लाख भारतीय विद्यार्थी अमेरिका में शिक्षा ग्रहण करते हुए स्कूलों और विश्वविद्यालयों में जाते हैं। दैनिक आधार पर हम एक-दूसरे पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संवाद करने के लिए व्हाट्सएप का उपयोग करते हैं और कई अमेरिकी कंपनियां अपने संचालन के लिए इंफोसिस पर निर्भर हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक बुनियादी ढांचा और निवेश साझेदारी के जरिए अमेरिका डिजिटल प्रौद्योगिकियों में निवेश कर रहा है जो भारत में समावेशी और लचीली वृद्धि को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि निवेश साझेदारी के तहत अमेरिका ने जलवायु-स्मार्ट कृषि उत्पादन को सक्षम करने के लिए कृषि तकनीक में निवेश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य निवेश साझेदारी के लिए 2027 तक 200 अरब डॉलर जुटाना है और भविष्य में निवेश जारी रखने के लिए भारत के साथ साझेदारी करने की उम्मीद है।

इस राउंड टेबल बैठक में इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि, आईबीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल, इंटेल इंडिया की कंट्री हेड निवृत्ति राय, फॉक्सकॉन इंडिया के कंट्री हेड जोश फौग्गर और विप्रो के चेयरमैन रिषद प्रेमजी समेत इस क्षेत्र की शीर्ष हस्तियां शामिल थीं। गोलमेज बैठक के दौरान नीलेकणि ने कहा कि इन्फोसिस ने पिछले कुछ साल में अमेरिका के छह अलग-अलग राज्यों में नए केंद्र खोले हैं और पिछले छह साल में वहां 25,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है।

# सावरकर के बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें कब तक?

- ललित गर्ग -

प्रखर राष्ट्रवादी एवं हिन्दूवादी नेता वीर दामोदर सावरकर इस संसार के एकमात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर' को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। यह वह पुस्तक है जिसके माध्यम से सावरकर ने सिद्ध कर दिया था कि 1857 की जिस क्रांति को अंग्रेज मात्र एक सिपाही विद्रोह मानते हैं, जबकि वही भारत का 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' था। वीर सावरकर ऐसे महान् भारतीय क्रांतिवीर हैं जिन्हें अंग्रेज-सरकार ने क्रांति के अपराध में एक ही जीवन में दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। दो बार की काले पानी की कठोर सजा के दौरान सावरकर को अनेक यातनाएं दी गयी। अंडमान जेल में उन्हें छः महिने तक अंधेरी कोठरी में रखा गया। एक-एक महिने के लिए तीन बार एकांतवास की सजा सुनाई गयी। सात-सात दिन तक दो बार हथकड़ियां पहनाकर दीवारों के साथ लटकाया गया। इतना ही नहीं सावरकर को चार महिनों तक जंजीरों से बांध कर रखा गया। इतनी कठोर यातनाएं सहने के बाद भी सावरकर ने अंग्रेजों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। जबकि तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी, कुछ राजनीतिक दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं वामपंथी उनके कृतित्व एवं आजादी के लिये प्रदत्त बलिदानों को भूलकर उन पर अंग्रेज़ों से माफ़ी मांगने का आरोप लगाते हुए उनके अविस्मरणीय बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें की जा रही है। सावरकर को गाली देने वाले इस बात को समझ लें कि भारत की आजादी में उनका कद अगर महात्मा गांधी से ज्यादा नहीं तो कम भी नहीं है।

वीर सावरकर ने कहा था ''कष्ट ही तो वह चाक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और उसे आगे बढ़ाती है।'' सावरकर के बलिदानों की असलियत और सच्चाई जाने बिना, उनकी कोशिशां की गहराई को समझे बिना और उन पर तटस्थ अध्ययन किए बिना, कोई भी कांग्रेसी व विपक्षी उनके ऊपर झूठे आरोप लगाते चले आए हैं। अर्से से उनको अपमानित किया जाता रहा है। हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उनका एक चिट्ठी का हवाला देकर अनादर किया, वहीं कुछ समय पूर्व अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में भाजपाइयों को सावरकर की औलादें कहकर अपनी मंशा प्रकट की थी। आखिर यह कब तक चलेगा? अब तो इस पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि ऐसे व्यक्ति को जिसका पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों की सच्ची मिसाल है। ऐसा व्यक्ति जिसको जहरीला भोजन और पानी देकर उसे कांटे की तरह सूखा दिया गया हो, जब उस पर झूठा लांछन लगाया जाता है तो किसी भी सच्चे भारतीय का मन विचलित, मस्तिष्क दुखी और आत्मा तड़ जाती है। सावरकर का कथन है कि ''कर्तव्य की निष्ठा संकटों को झेलने में, दुख उठाने में और जीवन भर संघर्ष करने में ही समाविष्ट है, यश-अपयश तो योगापयोग की बाते हैं।' अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता विनायक सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चर्चाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, महान देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता, इतिहासकार, एक बहुत निराले साहित्यकार- राष्ट्रवादी कवि और सशक्त हिन्दुत्व के पुरोधा श्री सावरकर के निर्वाण दिवस पर उनकी पावन स्मृति और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है। उन्होंने अनेक विपरीत एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक भारत और मजबूत भारत की कल्पना की थी, जिसे साकार करने का संकल्प आज हर भारतीय के मन में है।

# कमलनाथ और दिग्गी राजा के बीच क्या पक रहा!

सुरेश तिवारी



प्रदेश के दो बड़े कांग्रेसी नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच सब कुछ सामान्य नहीं लग रहा। दिखाने को चाहे पार्टी कुछ भी दावे करें, लेकिन अब वह हालात नहीं है कि दोनों को किसी भी मामले में एकमत माना जाए। ऐसी स्थिति में लगता नहीं कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव तक कमलनाथ प्रदेश अध्यक्ष रह पाएंगे। वैसे भी उनका कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो रहा है और जिस आधार पर उन्होंने कई जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों को बदला है, पार्टी का वह फार्मूला उन पर भी लागू होता है। इसलिए संभावना है कि कमलनाथ हटेंगे और उनकी जगह कोई नया अध्यक्ष ये कुर्सी संभालेगा!

इसके पीछे ये कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं न कहीं कांग्रेस के चाणक्य नेता दिग्विजय सिंह की भूमिका तो होगी ही! वे खुद अध्यक्ष बनने की इच्छा भले न रखते हों, पर कमलनाथ को हटाने की मंशा तो उनके दिल मे भी होगी। इन दोनों नेताओं के बीच टकराव और मतभेदों की शुरुआत उस घटना से हुई थी, जब दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के निवास के सामने धरना दिया था। कमलनाथ जो कि उस दिन एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री से लंबी गुफ्तगू करके लौटे थे, धरना स्थल पर उन दोनों के बीच जो घटित हुआ था वह आज तक लोगों को याद है। यह बातें सार्वजनिक रूप से हुई थी और इसके वीडियो बने और वायरल भी हुए थे।

वहाँ जो घटा उसमें इन दोनों बड़े नेताओं के भाव देखकर लगता था कि स्थिति में कुछ तो पेंच है। उसके बाद लंबे अरसे तक दोनों को साथ नहीं देखा गया और अब जबकि चुनाव आ रहे हैं और कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट करने की उनके समर्थकों ने शुरुआत की, पार्टी में उसका विरोध बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में लगता है कि कहीं न कहीं कोई बड़ा धमाका हो सकता है। निश्चित रूप से इस धमाके का मतलब कमलनाथ की जगह किसी और नेता का अध्यक्ष बनना है।

## उमा भारती की ताकत बढ़ने के दो इशारे!

जिस उमा भारती को लोग चुका हुआ नेता मान रहे थे, अब लगता है उन्हें अपनी धारणा बदलना पड़ेगी। क्योंकि, सप्ताहभर में उमा भारती ने दो ऐसे कमाल किए जिससे लगने लगा कि वे फिर सक्रिय राजनीति में आने की कोशिश में सफल हो रही हैं। पहला कमाल उन्होंने अपने सालभर पुराने शराबबंदी के मुद्दे को लेकर किया। उन्होंने उस मुद्दे को अब उस स्थिति में ला दिया कि सरकार को झुकना पड़ा। प्रदेश की नई शराब नीति में पूर्व मुख्यमंत्री की ज्यादातर सिफारिशों को मान लिया गया। ये जानते हुए कि इससे सरकार के खजाने को 25 से 30 फीसदी का नुकसान होने वाला है। आंकड़ों की भाषा मे कहें तो जिस शराब से सरकार को अगले साल 14 हजार करोड़ की कमाई होने वाली थी उसमें कमी आ जाएगी।

अब जो दूसरा कमाल उन्होंने किया, वो प्रीतम लोधी की बीजेपी में वापसी का रास्ता खोलकर किया। उन्हें ब्राह्मणों और साधु संतों पर अनर्गल टिप्पणी करने के मामले में भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। अभी वे औपचारिक रूप से बीजेपी में नहीं आए, पर बताते हैं कि बीजेपी की तरफ से हरी झंडी मिल गई। निश्चित रूप से ये रास्ता उमा भारती ने ही खोला होगा। लेकिन, अपनी आदत के मुताबिक प्रीतम लोधी ने उसमें भी एक पेंच डाल दिया। उन्होंने कहा कि पिछोर की जनता कहेगी तो आ जाउंगा। 3 मार्च को शिवपुरी के पिछोर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में वे फिर बीजेपी की सदस्यता ले सकते हैं। इसकी पुष्टि भी प्रीतम लोधी ने ही की। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी इस बात के संकेत दिए हैं।

## याद रखा जाएगा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का यह फैसला ...

प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। अगर लोगों को लगता है कि वे पार्टी में रहकर समाज और देश के लिए कुछ कर सकता हैं, तो ऐसे लोगों का स्वागत है। ये अकेले बड़े स्तर पर ही नहीं, बल्कि बूथ स्तर पर भी स्वागत है।

## जल्द आने वाली है आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची!

चुनाव से पहले एक ही जगह पर तीन साल तक रुके अफसरों के ट्रांसफर का दौर चल रहा है। पिछले दिनों कई जिलों के कलेक्टर बदल दिए गए, लेकिन ढ्ढक्क्र के ट्रांसफर की लिस्ट अभी रुकी हुई है। इस लिस्ट को लेकर कई तरह के पेंच थे।

लेकिन, अब लगता है कि सारी उलझन दूर हो गई और बहुत जल्द कई जिलों के कप्तानों में बदलाव देखने को मिलेगा।

पता चला है कि इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नर को लेकर कई नाम सामने थे और उसे अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की चर्चा के बाद अब लिस्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है।

अफसरों के तबादलों की सूची अब आने के लिए एकदम तैयार है। विधानसभा सत्र के चलते और अगले दिनों में होली के त्यौहार को देखते हुए यह माना जा रहा है कि इस बीच में आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची आने की संभावना कम है लेकिन प्रशासनिक गलियारों की खबर पर भरोसा किया जाए तो यह सूची अब कभी भी आ सकती है। इस सूची के आने का मतलब है कि करीब दर्जनभर जिलों के एसपी में बदलाव और इंदौर और भोपाल के पुलिस कमिश्नरों की कुर्सी पर भी नए चेहरे। उज्जैन के आईजी को संभवत कहीं का पुलिस कमिश्नर बनाए जाने की भी जानकारी मिली है। नाम तो राकेश गुप्ता और अभय सिंह के भी सामने आ रहे हैं। भोपाल के कमिश्नर को इंदौर का कमिश्नर बनाया जा सकता है।धार, शिवपुरी और जबलपुर के पुलिस अधीक्षक को बदलने की चर्चा है। एसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नति के बाद जिन जिलों में अभी डीआईजी एसपी के रूप में काम कर रहे हैं, उन्हें भी बदला जाएगा, ऐसे कोई 7 स्क्क हैं। कई रेंज में डीआईजी के पद खाली पड़े हैं। इन डीआईजी को वहां भेजा जाएगा या पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया जाएगा। दो आईजी के बदलने की भी चर्चा है। पर, अभी लिस्ट का इंतजार कीजिए।

## सांसद के इस हमले के बाद अब क्या!

गुना के सांसद डॉ केपी सिंह यादव और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच झगड़ा जगजाहिर है। कभी सिंधिया परिवार के खास रहे केपी सिंह यादव और ज्योतिरादित्य सिंधिया अब एक-दूसरे को फूटी आंखों नहीं सुहाते! जब भी मौका मिलता है, वे सिंधिया पर हमला बोलने का मौका नहीं चूकते! यही काम उन्होंने एक बार फिर किया। सिंधिया भले ही अब बीजेपी में आ गए हों, लेकिन गुना उनके लिए फ़ांस बना हुआ है।

केपी सिंह यादव ने एक बार फिर बिना नाम लिए मंच से सिंधिया खानदान को लपेट दिया। जीजा माता से जुड़े एक कार्यक्रम में उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य का बखान करते हुए कहा कि यदि झांसी की रानी के साथ 'कुछ लोगों' ने गद्दारी नहीं की होती तो आज हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ नहीं 175 वी वर्षगांठ मना रहे होते! यानी देश 100 साल पहले ही आजाद हो गया होता। लेकिन, गद्दारी के कारण यह नहीं हो सका। उन्होंने यह तंज बिना किसी का नाम लिए हुए किया, पर उनका तीर किसकी तरफ चला ये सब समझ गए।

इसके बाद कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष ने ट्वीट और एक वीडियो बयान करके गुना सांसद की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट में लिखा' सेल्यूट जी, आपने व्यावसायिक नेताओं-गद्दारों को आइना दिखाया। इतिहास में अंकित तथ्य कभी खत्म नहीं होते। खत्म वे होते हैं, जो अपने स्वार्थों, बदली हुई परिस्थितियों के कारण 'थूक कर चाटते हैं। समर शेष है नहीं पाप का भागी केवल ब्याध, जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनका भी इतिहास!'

केपी सिंह यादव ने जो कहा वो अब ज़माने के सामने आ गया। उसके वीडियो भी वायरल हुए। अब सांसद कुछ भी सफाई दें, पर रानी लक्ष्मीबाई के साथ किसने क्या किया था, वो सबको पता है!

इसी बीच पता चला है कि भा ज पा के प्रदेश कार्यालय द्वारा के पी सिंह यादव को तलब किया गया है। अब सभी की नजरें इस पर लगी है कि क्या सिंधिया पर सीधा हमला करने वाले गुना के सांसद पर पार्टी कोई कार्रवाई करती है या मामले पर लीपापोती की जाएगी।

## फर्जी चिट्ठी का सच

बीते सप्ताह एक संस्था और एक व्यक्ति सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। संस्था थी उज्जैन की 'महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ' और व्यक्ति थे कुमार विश्वास। इस संस्था ने अपने 33 दिन लंबे कार्यक्रम में 3 दिन का समय कुमार विश्वास की राम कथा को दिया। जिस दिन राम कथा शुरू हुई, उसी दिन कुमार विश्वास ने 'संघ' को अनपढ़ बताकर झमेला खड़ा कर दिया। इस घटना का विरोध शुरू हुआ, तो महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने एक पत्र जारी करके कुमार विश्वास की रामकथा के अगले दो दिनों के कार्यक्रम को निरस्त करने की घोषणा की। यह पत्र बकायदा शोधपीठ के लेटर पैड पर और श्री राम तिवारी के दस्तखत से बकायदा पत्र क्रमांक से जारी हुआ था। इस पत्र के जारी होने के कुछ देर बाद उसी पत्र क्रमांक, उसी दस्तखत और उसी लेटर पैड पर एक और पत्र जारी हुआ जिसमें पिछले पत्र को फर्जी बताया गया।

दूसरे पत्र का आशय था कि शोधपीठ से ऐसा कोई पत्र ही जारी नहीं हुआ। यहां तक तो ठीक था, लेकिन निश्चित रूप से इस तरह का कोई कथित नकली पत्र जारी होना और अधिकृत व्यक्ति द्वारा उसे फर्जी बताया जाना, अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन, शोधपीठ के निदेशक ने न तो साइबर क्राइम को इस बारे में कोई शिकायत की और न पुलिस को बताया। सवाल उठता है, कि जब वे पहले वाले पत्र को नकली बता रहे हैं, तो उन्होंने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

जबकि, ध्यान देने वाली बात यह कि दोनों पत्रों के पत्र क्रमांक भी एक है सिर्फ दूसरे पत्र में क्रमांक के आगे, जोड़ दिया गया, जो कि एक सरकारी प्रक्रिया है। दोनों पत्रों पर श्रीराम तिवारी के दस्तखत भी एक जैसे दिखाई दे रहे हैं। यह सब देखकर कहीं से भी पहले पत्र के नकली होने का अंदेशा नहीं होता। सिर्फ श्री राम तिवारी ने ही उस पत्र को नकली बताया। लेकिन, आश्चर्य है कि नकली पत्र को लेकर उन्होंने कोई कार्रवाई करने की कोशिश नहीं की। क्या इससे ऐसा नहीं लगता कि मामले में कही झोल झाल तो है।

## इस सीएम के प्रमुख सचिव आईएएस नहीं आईपीएस है!

महाराष्ट के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दफ्तर में भारतीय पुलिस सेवा के महाराष्ट कैडर के 1996 बैच के ढ्ढक्क्र अधिकारी बृजेश सिंह को प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि हाल के वर्षों में पहली बार किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया। अगर आप अभी तक का इतिहास देखेंगे तो पाएंगे कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्री के पीएस सामान्यतः आईएएस अधिकारी होते हैं लेकिन शिंदे ने इस परंपरा को तोड़ते हुए एक आईपीएस अधिकारी को अपना प्रमुख सचिव बनाया है। वैसे देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल में बृजेश सिंह सबसे ताकतवर पुलिस अधिकारियों में एक थे। वे साइबर अपराध शाखा के प्रभारी होने के अलावा सूचना और जनसंपर्क के महानिदेशक भी थे। वे सीधे मुख्य सचिव को रिपोर्ट करते थे।

# तो दक्षिणपंथियों को इसलिये है कांग्रेस से नफ़रत

तनवीर जाफ़री



स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करते हुये जिस कांग्रेस पार्टी ने भारतवर्ष को अंग्रेज़ों की ग़ुलामी की ज़ंजीरों से मुक्त कराया था,जिस कांग्रेस पार्टी को दुनिया गांधीवादी दर्शन एवं विचारों पर चलने वाली पार्टी के रूप में जानती है,उसी ऐतिहासिक कांग्रेस पार्टी को देश से समाप्त किये जाने का गोया एक अभियान दक्षिणपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा दशकों से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो कई बार अपनी चुनावी जन सभाओं में कांग्रेस मुक्त भारत बनाये जाने जैसी बातें करते रहे हैं। निश्चित रूप से 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी को काफ़ी संकट का सामना भी करना पड़ा है। कांग्रेस को सबसे अधिक नुक़्सान पार्टी में ही छुपे बैठे दर्जनों जय चंदों और मीर जाफ़रों से उठाना पड़ा है जो सत्ता की लालच में गांधीवादी विचारधारा वाली पार्टी को छोड़कर धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली दक्षिणपंथी पार्टी से जा मिले। तो अनेक नेताओं को सत्ता द्वारा ई डी,इनकम टैक्स या सी बी आई का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया गया। अनेक बार यह भी देखा गया कि भ्रष्ट या अपराधी क़िस्म का कोई नेता कांग्रेस या दूसरी पार्टी छोड़कर यदि भाजपा में शामिल हुआ तो उसके विरुद्ध होने वाली जांच या कार्रवाइयां रोक दी गयीं। तभी मीडिया के एक वर्ग ने भाजपा को भ्रष्टाचार और अपराध धोने वाली %वाशिंग मशीन % का नाम भी दिया था। देश की संसद हो या चुनावी जानसभायें,भाजपा के शीर्ष नेताओं से लेकर राज्यों व ज़िला स्तर के छुटभैय्ये नेताओं तक, सभी एक फ़ैशन की तर्ज़ पर कांग्रेस, गांधी, नेहरू,धर्मनिरपेक्षतावादियों,गांधी-नेहरू विचारधारा के समर्थकों को किसी भी निचले स्तर तक जाकर कोसते रहते हैं। उनपर चारित्रिक हमले तक करते हैं। ये लोग कभी नेहरू को मुसलमान तो कभी फ़िरोज़ गांधी को मुसलमान बताने में अपने झूठ तंत्र की सारी ऊर्जा खपा डालते हैं। और कुछ नहीं तो पिछले दिनों बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद देते हुये देश की संसद में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने यह तक पूछ लिया कि नेहरू अगर महान हैं तो नेहरू सरनेम लगाने में क्या शर्मिन्दिगी है? आश्चर्य है कि देश के प्रधानमंत्री केवल चुटकी लेने के लिये देश की संसद में इस तरह का वक्तव्य देकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार तार करते हैं। जबकि वे ही नहीं पूरा देश भली भांति जानता है कि भारतीय समाज में पिता का नाम सर नेम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जो नेहरू परिवार के लोग फ़िरोज़ गांधी की वजह से करते आ रहे हैं। ऐसे में नेहरू सर नेम इस्तेमाल करने की गुंजाईश ही कहाँ रह जाती है। परन्तु यह भी कांग्रेस पर आक्रमण की उनकी अपनी निराली शैली है।

बहरहाल कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की तमाम कोशिशों के बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस सत्ता में भी है और कई राज्यों में सत्ता की भागीदार भी। परन्तु दक्षिणपंथी भी सत्ता शक्ति का पूरा फ़ायदा उठाते हुये कांग्रेस पार्टी व इसके बड़े नेताओं को डराने धमकाने व नीचा दिखाने में लगे हैं। याद कीजिये गत वर्ष यानी अगस्त 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को ई डी के दफ़्तर में बार बार बुलाकर उन से पूछताछ की गयी थी। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय यानी ई डी के अधिकारियों ने राहुल गांधी से 5 दिन में क़रीब 54 घंटे और सोनिया गांधी से 3 दिन में 11 घंटों से भी अधिक समय तक पूछताछ की थी। उस दौरान भी कांग्रेस ने इस पूछताछ को ग़ैर ज़रूरी,उनके नेताओं को अपमानित करने वाला तथा राजनीतिक बदला बताया था। इसी तरह गत दिनों छत्तीसगढ़ में कोयला लेवी घोटाले में कार्रवाई के नाम पर प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस पार्टी के राज्य के छः नेताओं के ठिकानों पर छापे मारी की। इन में कई विधायक व संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में छापेमारी की कार्रवाई 24 फ़रवरी को रायपुर में शुरू हुये कांग्रेस अधिवेशन से ठीक चार दिन पूर्व की गयी थी। इस पर भी कांग्रेस ने कहा था कि सरकार द्वारा ये कार्रवाई कांग्रेस अधिवेशन को प्रभावित करने के लिए करायी गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो साफ़ तौर पर यह इल्ज़ाम भी लगाया था कि- %गत 9 वर्षों में ई डी ने जितनी भी छापेमारी की है उसमें 95त्न केवल विपक्षी नेता ही निशाने पर रहे हैं और इनमें भी सबसे ज़्यादा कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध की गयी है। उस समय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो यह भी कहा था कि अडाणी की सच्चाई से पर्दा हटने के बाद और भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से हताश होकर भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिये ऐसी कोशिशें कर रही है।

कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं के मनोबल तोड़ने का यह घिनौना खेल उस समय भी खेला गया जबकि कांग्रेस के कई बड़े नेताओं व प्रवक्ताओं को दिल्ली से रायपुर जाने वाले एक विमान को दिल्ली विमानतल पर रोका गया और कांग्रेस के तेज़ तर्रार प्रवक्ता पावनखेड़ा को विमान से उतार कर असम पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर लिया गया। जिन्हें बाद में सर्वोच्च न्यायलय के निर्देश पर अंतरिम ज़मानत पर रिहा कर दिया गया। भाजपा, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस नेताओं को केवल सत्ता का दुरूपयोग कर ही भयभीत नहीं करती बल्कि समय समय पर कांग्रेस के समक्ष %बेचारगी % और भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकती। यानी स्वयं को कभी %बाहुबली% साबित करना तो कभी पीड़ित असहाय व बेचारा बताना, सभी %शस्त्रों% का इस्तेमाल भाजपा करती रहती है। उदाहरण स्वरूप पिछले दिनों मेघालय की राजधानी शिलांग में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर कुछ इस अंदाज़ में निशाना साधा कि -''मैं देख रहा था कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है. जिन्हें देश अब स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और वो कह रहे हैं- मोदी तेरी क़ब्र खुदेगी.''।

ऐसे में सवाल यह है कि दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग कांग्रेस पार्टी से ही इतनी नफ़रत आख़िर क्यों करते हैं? जिस पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन की अगुवाई की हो ऐसी पार्टी से देश को मुक्त करने तक की बात क्यों की जाती है ? दरअसल दक्षिणपंथियों को सबसे बड़ी तकलीफ़ कांग्रेस पार्टी से यही है कि वह न केवल महात्मा गांधी की सर्वधर्म समभाव नीति का परचम बुलंद करने वाली पार्टी है बल्कि दक्षिणपंथी साम्प्रदायिक विचारधारा का खुल कर मुक़ाबला करने व उसे आईना दिखने वाली भी इकलौती राष्ट्रीय पार्टी है। दूसरी तरफ़ यह बताने की ज़रुरत नहीं कि दक्षिणपंथी दलों में कितने नेता गांधी के हत्यारे और देश के पहले आतंकी नाथू राम गोडसे के समर्थक हैं जो प्रायः समय समय पर गांधी को अपमानित व गोडसे का महिमामंडन करते रहते हैं। दक्षिणपंथी यह भी भली भांति जानते हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीयता का मूल स्वभाव है इसलिये उसमें ज़हर घोलते रहना ही इनकी राजनैतिक सफलता का पैमाना है। चूँकि कांग्रेस का वजूद ही दक्षिणपंथियों को अपने व अपनी विचारधारा के लिये ख़तरा नज़र आता है इसलिये इन्हें कांग्रेस से नफ़रत है और तभी यह %कांग्रेस मुक्त भारत% के सपने भी लेते रहते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# भारतीय गुर्जर महासभा जिला खंडवा ने किया कार्यकारी जिला अध्यक्ष ,जिला संयोजक नियुक्त




खण्डवा । अखिल भारतीय गुर्जर महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ए. डी. पाटिल एवं प्रमुख प्रदेश महासचिव रमेश गुर्जर द्वारा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय भाईराम पटेल, बी डी सनखेरे , प्रदेश महामंत्री नाहरू पटेल महासभा जिला अध्यक्ष खंडवा सेवकराम चौहान कि सहमति से जिला इकाई मे गुर्जर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी द्वय रघुनाथ पटेल मलगांव को कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं दयाराम पटेल खंडवा को जिला संयोजक अखिल भारतीय गुर्जर महासभा जिला खंडवा नियुक्त किया गया है दोनों नियुक्ति होने पर विधायक नारायण पटेल, छीतर लाहौरिया, सेवकराम डोडे, इंदौरीलाल चौधरी, सेवादास पटेल, डा. शिवशंकर गुर्जर, त्रिलोक पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, पूजा दोगने,संध्या पाटिल, नंदन करोडी, मुकेश साद,भारत रावजी,भारतसिह गोयल, किशोर पटेल, संजय बिरला, सीताराम पटेल, नवलसिंह यादव, डा. मंशाराम गुर्जर, सुनिल पाटिल, राजेन्द्र पाटिल, विरेन्द पटेल, सुभाष पटेल, राजेश परिहार, चंद्रपाल यादव, दीपक सोलंकी, भीमाशंकर पटेल, यशवंत पटेल, प्रभु पटेल, पूनम गेवरे, रामनारायण सामाडिया, सुनिल चाचरिया, मुकेश पटेल, ,लक्ष्मी नारायण पाटिल, कमलेश पटेल, राजू पटेल, दीपक पटेल,कान्हा गुर्जर, सतीश भायडिया ,गोकुल पटेल,राजेश पटवारिया, मोतीराम पटेल,प्रकाश करोडा,विकाश पटेल आदि द्वारा बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है।

# प्रदेश के रेडियोग्राफर 27 फरवरी को एक दिवसीय अवकाश पर रहेंगे

छतरपुर। प्रदेश के साथ-साथ छतरपुर जिले के भी रेडियोग्राफर भी एक दिवसीय 27 फरवरी को अवकाश पर रहेंगे। जानकारी के मुताबिक पिछले माह प्रदेश के समस्त रेडियोग्राफर्स के द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ मध्य प्रदेश द्वारा 23 जनवरी 2023 को ज्ञापन सौंपा गया था किंतु आज तक लगभग 1 माह बीत जाने के बाद भी 11 सूत्रीय मांगों को पूरी करने संबंधित कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया है, न ही कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया आपकी ओर से संघ को प्राप्त हुई है। रेडियोग्राफर संवर्ग की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं होने से पूरे प्रदेश के रेडियोग्राफर साथियों में रोष व्याप्त है अतः आपके इस अन्याय पूर्ण एवं उदासीनता रवैया को देखते हुए प्रदेश के समस्त रेडियोग्राफर 27 फरवरी 2023 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यदि इसके बाद भी उनकी 11 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है तो संघ के आवाहन पर पूरे प्रदेश के रेडियोग्राफर 15 मार्च को काम बंद करते हुए अनिश्चित हड़ताल पर जाने के लिए विवश हो जाएंगे। यदि अनिश्चित हड़ताल पर रेडियोग्राफर्स के जाने से किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति निर्मित होती है तो इसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से शासन प्रशासन की रहेगी।

# आदिवासी कन्या उत्कृष्ट छात्रावास खरगोन में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

खरगोन । प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर डीके नागले के मार्गदर्शन शनिवार को शासकीय आदिवासी कन्या उत्कृष्ट छात्रावास खरगोन में जनसाहस संस्था के समन्वय से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खरगोन के जीसी मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आप युवा है, आपमें अदम्य शक्ति है, अपने में कुछ कर गुजरने की तमन्ना पैदा करे। अपने अन्दर और बाहर सम्भावनायें खोजे, अवसर पैदा करे, तो आपकी उड़ान को कोई नहीं रोक सकता। उच्च लक्ष्य तय करे और इसे पाने के लिये जुट जाये। साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं अन्य कानूनो की जानकारी देते हुए कहा कि अपने अधिकारो से पहले अपने कर्तव्यों को समझे। मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट श्रीमती पद्मा तिवारी महिलाओं संबंधी कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं आत्मरक्षा के बेसिक नियम बतायें। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुधा मोयदे द्वारा बाल संरक्षण अधिनियम एवं उनसे संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई। शिविर का संचालन पैरालीगल वालेंटियर कु. यामिनी पाण्डेएवं आभार छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती हेमलता बघेल द्वारा किया गया। शिविर में पैरालीगल वालेंटियर श्री नीलम ओमप्रकाश पगारे व श्री परसराम गंधारें, जनसाहस से श्री फारूख खान, बाल कल्याण समिति से श्री हरिश भावसार एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# किसान निधी की 13वीं किस्त 27 फरवरी को होगी जारी

खरगोन। पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी से किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इस योजना में हर साल किसानों को 3 किस्तों में 6000 रूपये दिए जाते हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रभावी प्रसार के लिए लिंक के माध्यम से हितग्राही कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। जिला स्तर पर कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी खरगोन एसडीएम व सहायक नोडल अधिकारी खरगोन जनपद सीईओ होंगे।

# खंडवा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में विधायक वर्मा को मिला जनसमर्थन

# विधानसभा क्षेत्र का विकास निरंतर जारी है।और किस प्रकार चहुंमुखी विकास हो इस हेतु हम कृत संकल्पित है : देवेन्द्र वर्मा




खंडवा। खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरुवार को विकास यात्रा का नेतृत्व करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचे इस दौरान ग्राम नागचून में लगभग 7 लाख रुपए के निर्माण कार्य भूमिपूजन एवं ग्राम टिटगांव में लगभग 67.34 लाख के नल जल योजना का लोर्कापण कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत करवाया।

बड़गाँवभीला, पिपल्यातहार एवं सुरगांव निपानी में लगभग 101.60 लाख के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर जनसमूह को संबोधित किया। साथ ही श्री हरि गौशाला का अवलोकन कर पौधरोपण किया।

ग्राम बिजोराभील एवं ढोढवाडा में 39.62 लाख रुपए की अपेक्षित लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के आवास का लोकार्पण किया। गोकुलगांव से पिपल्या तहार मार्ग निर्माण कार्य लागत 278.59 लाख एवं मथेला से सुदामापुरी मार्ग निर्माण कार्य लागत 99.40 लाख का भूमिपूजन कर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया। इस दौरान कैलाश पाटीदार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रक्षा ज्ञान सिंह सावनेर जी अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

छतरपुर। प्रांतीय आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय पर विशाल पदोन्नति क्रमोन्नति रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

प्रदेश भर में हजारों की संख्या में ऐसे अध्यापक संवर्ग के शिक्षक हैं,जिन्हे बारह वर्ष की सेवा पूरी किए हुए तीन वर्ष तक का समय बीत चुका है लेकिन क्रमोन्नति नहीं मिली है। इसी तरह पदोन्नति व समयमान वेतनमान न मिलने से हजारों शिक्षकों को हर माह आर्थिक हानि हो रही है।इसके अलावा पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी के नेतृत्व में मोटे के महावीर मंदिर परिसर में जिले भर से आए अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों ने दोपहर एक बजे से रैली निकाली। रैली छत्रसाल चौराहा,आकाशवाणी तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भू अभलेख अधिकारी अभिनव शर्मा को सौंपा गया।रैली में शामिल शिक्षक अपने हाथों में तख्तियां लिए थे।जिनमे क्रमोन्नति,पदोन्नति,पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों के नारे लिखे थे।

रैली में प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती रजनी जैन,रूपनारायण तिवारी,संभागीय पदाधिकारी श्रीमती हेमा नायक,परमानंद पांडे,जिला अध्यक्ष अनुपम त्रिपाठी,जिला संयोजक जगदीश सोनी,जिला सचिव अनिल शुक्ला,जिला पदाधिकारी राकेश द्विवेदी,वीर सिंह यादव,अरुण मिश्रा, मान सिंह तोमर,बाबूराम अहिरवार,जीतेंद्र चतुर्वेदी,विनोद दुवे,पीसी प्रजापति,श्रीमती ममता राय ब्लॉक अध्यक्ष जीवनलाल कारपेंटर,अजय राय,निरंजन कश्यप,सचिन द्विवेदी,जय सिंह परमार,श्रीमती गीता खरे,भूपेंद्र रिछारिया सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

## घर वालों से पूछ कर मोहब्बत किया करो..

# इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगा कर छात्र ने किया सुसाइड , उदयपुरा का मामला

बरेली । उदयपुरा में एक 11वीं के छात्र ने सुसाइड कर लिया है. शव के पास से कोई सुसाइड नोट तो नहीं मिला है,लेकिन उसके इंस्टाग्राम पर एक स्टेटस लगा है, जिसे देखकर पुलिस इस घटना को सुसाइड करार दिया है. उसने फांसी लगाने से पहले तीन स्टेटस लगाए. इसमें पहला स्टेटस लगाया कि (मिस यू गॉड मैं आ रहा हूं आपके पास) इसी क्रम में उसने दूसरा स्टेटस अपने दोस्तों के लिए लगाया लिखा कि भाई हाथ जोड़ कर गुजारिश है कि मैं मर जाऊं तो स्टेटस जरूर लगा लेना।वही छात्र ने तीसरा स्टेटस अपनी प्रेमिका समेत अन्य लड़कियों के लिए लिखा है. इसमें लिखा है कि मुहब्बत करने से पहले अपने घर वालों से पूछ लिया करो, तुम्हारे चक्कर में किसी के बेटे की जान चली जाती है उदयपुरा थाना प्रभारी एम एल भाटी ने बताया कि मृत छात्र की पहचान शिवम मेहरा के रूप में हुई है वह उदयपुरा नगर में किराए का घर लेकर परिवार के साथ रहता था और यहां एमडीवीएम स्कूल में 11वीं की पढ़ाई कर रहा था। एसडीओपी राजीव जंगले इस पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं वही परिजनों के मुताबिक शिवम रात्रि 12 बजे तक टीबी देखता रहा 7 वहीं जब परिवार के सभी लोग सो गए तो वह चुपचाप उठा और अपने कमरे का दरवाजा बंद कर बाहर निकला तथा सीढ़ी के नीचे खुद अपने मुंह में कपड़ा ठूंस लिया और फंदा लगाकर जान दे दी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज किया है.।वही स्कूल संचालक से मिली जानकारी के अनुसार वह कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा था वहीं पुलिस ने बताया कि यह प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है. आशंका है कि उसकी प्रेमिका ने धोखा दिया था जिसकी वजह से उसने आत्महत्या की है।

### इनका कहना है ---

पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज किया है वही स्कूल संचालक से मिली जानकारी के अनुसार वह कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा था वहीं पुलिस ने बताया कि यह प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है पुलिस इस मामले की हर स्तर से जांच कर रही है 7

एम एल भाटी, थाना प्रभारी उदयपुरा

# समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शासकीय शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण



खंडवा। जिले में 21 फरवरी से 25 फरवरी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) खंडवा द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी,आईडी श्री अर्जुन सिंह राजपूत द्वारा बताया गया के खंडवा जिले के पांच विकास खंडों में जिस शाला में दृष्टिबाधित और श्रवण बाधित विद्यार्थी दर्ज है वहां से 30 शिक्षकों को दृष्टिबाधित एवं 30 शिक्षकों को सांकेतिक भाषा का पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में कार्यक्रम की ट्रेनर श्रीमती अंजली शिंदे एवं श्रीमती शशि रायकवार ने बताया कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर अब शाला में जाकर शिक्षक दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु और भी दक्षता के साथ जहां शिक्षा प्रदान करेगा वही इस प्रशिक्षण के पश्चात मुक बधिर एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के सृजनात्मक और रचनात्मक प्रतिभा को सहजता से समझकर शिक्षक उसके प्रतिभा, गुणों, विचारों, को उचित मंच प्रदान करेगा जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में जहां सहायक होंगे वहीं शिक्षकों को दिए गए इस प्रशिक्षण से सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को वर्तमान शिक्षा की मुख्यधारा जुड़ने में मदद प्राप्त होगी।

वही शिक्षकों को प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सीडब्ल्यूएसएन दिव्यांग छात्रावास का भ्रमण कराया गया जहां दिव्यांग विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों ने सांकेतिक भाषा में चर्चा की साथ ही दिव्यांग संस्थान के विद्यार्थियों ने सांकेतिक भाषा में समाज सुधार विषय पर लघु नाटिका की प्रस्तुति की, जिसे प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों द्वारा सराहा गया। खंडवा के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत ब्रेल लिपि एवं संकेतिक भाषा प्रशिक्षण के अंतिम समापन दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी श्री पी.एस सोलंकी, डाइट प्राचार्य श्री संजीव भालेराव, व्याख्याता केशव पाराशर, विशेष शिक्षक श्री फूलचंद मसकुले,श्रीमती अंजली शिंदे, एमआरसी श्रीमती शशि रायकवार ,श्रीमती अर्चना पाराशर, श्री अनूप सोलंकी ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों से 5 दिवस प्रशिक्षण की जानकारी ली गई एवं समस्त शिक्षकों का लिखित टेस्ट लिया गया तत्पश्चात सभी वरिष्ठों ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को संबोधित किया अंत में एपीसी, आईईडी श्री अर्जुन सिंह राजपूत ने समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थी का

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत व्हाटसअप ग्रुप में दे सकेंगे जानकारी

खरगोन। एक युद्ध नशे विरुद्ध अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा शासकीय व अशासकीय स्कूलों तथा छात्रवासों में विद्यार्थियों के प्रहरी क्लब बनाये जाएंगे। जो इनके क्षेत्रों में होने वाली नशे की गतिविधियों के बारे में स्कूल और जिला प्रशासन को सूचित कर सकेंगे। साथ ही ऐसे शासकीय सेवक जो खुद नशा करते हैं वो कार्यालयों में पहुँचते हैं। उनकी जानकारी व्हाटसअप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। जिले में नियुक्त पालक अधिकारी भी इस कार्य पर प्रमुखता से नजर रखकर रिपोर्टिंग करेंगे। प्रहरी क्लब की एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बैठक में मार्च से होने वाली परीक्षाओं पर चिंतन करते हुए निर्णय लिया गया कि अभी प्रयोग के तौर पर किया जाएगा। अगले सत्र से इसे और बेहतर रूप दिया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा, सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहान, महिला बल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी रत्ना शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी, ड्रग इंस्पेक्टर योगेश यादव, बाल कल्याण समिति की सुधा मोयदे उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक स्थानों पर शराब और तंबाकू उपयोग पर होगी चलानी कार्यवाही:** बैठक में जॉइंट एक्शन प्लान पर निर्णय लिए है। एसपी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब और तंबाकू के उपयोग होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मेडिकल और स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही मेडिकल फार्मासिस्ट के साथ बैठक कर प्रतिबंधित दवाइयों के विक्रय को रोकने तथा डेटा संधारित किया जाएगा। इसके अलावा विभागों द्वारा जॉइंट इंस्पेक्शन किया जाएगा।

**नगरीय शराब दुकानों पर लगाये सीसीटीवी कैमरेः** बैठक में आबकारी सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि फिलहाल 83 शराब दुकानों में से 38 नगरीय शराब दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जबकि यह कार्यवाही लगातार जारी है। इसके अलावा नगर में डी-एडिक्शन सेंटर बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।



**जॉइंट एक्शन प्लान के ये है उद्देश्यः** एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत जॉइंट एक्शन प्लान के उद्देश्य बच्चों में नशे की लत छुड़वाना तथा शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास मादक पदार्थों की दुकानों को अविलंब हटाना। नशे में लिप्त बच्चों को उपचार प्रदान करना तथा पुनर्वास स्थानों और विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करना। समुदायों को कानूनों की जानकारी देना व सामाजिक जनजागरूकता लाना। शैक्षणिक संस्थानों मेडिकल शॉप के आस पास निगरानी करना। विभागीय समन्वय के साथ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाना।

# भाजपा द्वारा निकाली गई विकास यात्रा साबित होगी भाजपा की विनाश एवं निकास यात्रा

**सीहोर।** भाजपा सरकार ने 5 फ़रवरी से 25 फ़रवरी तक पूरे प्रदेश में निकाली गई विकास यात्रा महज एक छलावा साबित हुई है। भाजपा सरकार आम जनता के लिये धरातल पर कोई कार्य नहीं करते हुए सिर्फ झूठी वाह-वाही लूटने के लिये जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्वाद करते हुए बेकार के आयोजन करती रहती है।

यह बात जिला कांग्रेस महासचिव पंकज शर्मा ने अपने बयान में दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा 5 फ़रवरी से पूरे प्रदेश में विकास यात्राऐं निकाली गईं, जिनका 25 फ़रवरी को समापन हुआ जो कि जनता के पैसे की बर्वादी होने के साथ-साथ समय की भी बर्वादी साबित हुईं। इस समय का सदुपयोग करते हुए सरकार को कुछ विकास के कार्य करना चाहिये थे जिससे कि जनता का भला होता। इन यात्राओं में भाजपा के मंत्री विधायक एवं कार्यकर्ताओं के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारी भी शामिल रहे, जो कि शासकीय सेवकों के कोड आफ कंडक्ट के विरूद्ध है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार शासकीय कर्मचारियों द्वारा जनता के बीच अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना चाहती थी चूंकि शासकीय सेवकों का आम जनता के ऊपर सीधा प्रभाव और जनता से जुड़ाव होता है। अब भाजपा के नेताओं के झूठे वादों और घोषणाओं पर जनता को विश्वास नही रहा है, इसलिये घोषणावीर मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की नाकामी को छिपाने के लिये शासकीय सेवकों को आगे कर दिया था, जो कि नैतिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से भी उचित नही है।

# विकास यात्रा के समापन पर हितग्राहियों को मिली कई सौगातें

## 50 करोड़ की राशि नगर के विकास पर होगी खर्च

बैरसिया भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही विकास यात्रा का समापन शनिवार को नगर में विकास यात्रा निकालकर नगर के अंबेडकर पार्क में हितग्राहियों को लाभ वितरण कर समाप्त की गई विकास यात्रा के समापन पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप राठौड़ पूर्व विधायक भक्त पाल सिंह राठौड़ विशेष रुप से कार्यक्रम में उपस्थित थे भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकास यात्रा नगर के बस स्टेण्ड कुशाभाउ ठाकरे चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डो से होती हुई अम्बेडकर पार्क तक निकाली गई।

विकास यात्रा के दौरान

1. मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत रामेश्वरम तीर्थ दर्शन के लिये रेस्ट हाउस से बस द्वारा यात्रियों को रवाना किया गया

2. वार्ड क्रमांक 14 में अदालत के पास सुलभ शौचालय का लोकार्पण

3. वार्ड क्रमांक 14 में अदालत के सामने शिव मंदिर का लोकार्पण

4. आई.डी.एस.एम.टी. योजनांतर्गत दशहरा मैदान दुकान का भूमि पूजन किया गया।

नगरीय क्षेत्र बैरसिया के अंबेडकर पार्क कार्यक्रम में अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ नगर पालिका परिषद बैरसिया द्वारा बताया गया कि नगर पालिका परिषद बैरसिया द्वारा एक नई पहल करने जा रही है। जिसमें घर-घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था में सुधार लाने हेतु नई आई.टी. आधारित कचरा संग्रहण एवं निगरानी प्रणाली तकनीकी के रूप में क्यू-आर बार कोड वार्ड में प्रत्येक घर पर लगाया जाना है।

वर्तमान में इस तकनीक का प्रयोग नगर के दो वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 से प्रारंभ किया जा रहा है। सफलता अनुसार नगर के संपूर्ण वार्डो में इस तकनीकी का उपयोग किया जायेगा। भविष्य में इस तकनीक के उपयोग से संपत्तिकर एवं जलकर संग्रहण में भी सुविधा होगी।

साथ ही इनके द्वारा बताया गया कि नगर बैरसिया में

1. अमृत योजनांतर्गत शमशाबाद डेम से जल लाकर घर-घर नल कनेक्शन प्रदाय कर जल प्रदाय करने हेतु 25 करोड़ 1 लाख की स्वीकृति उपरांत टेण्डर प्रक्रिया अंतर्गत है।

2. कायाकल्प योजना अंतर्गत 2 करोड़ 10 लाख की लागत से नगर में नवीन रोड निर्माण एवं मार्गो का उन्नयन कार्य कराया जाना है 3. मांडा इमली पर 1 करोड़ 50 लाख राशि से पार्क एवं जलसंरक्षण हेतु कार्य कराया जाना है

4. विश्वकर्मा मंदिर के पास 3 करोड की लागत से शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण कार्य किया जाना है।

5. संजीवनीक्लिनिक 25 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जाना है।

6. अम्बेडर पार्क का उन्नयन एवं अटल पार्क विकास कार्य राशि 25 लाख रूपये कराया जाना है।

अंबेडकर पार्क कार्यक्रम में मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत

सिंगल क्लिक के माध्यम से 190 हितग्राहियों को राशि 1 करोड 90 लाख उनके

खाते में अंतरित की गई।



पी.एम. स्वनिधी योजना के तहत 10000/-रूपये वाले 125 हितग्राही, 20000 /- रूपये वाले 162 हितग्राही 50000/- रूपये वाले 5 हितग्राही, 200000 /- वाले 20 हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया।

संबल योजनांतर्गत 225 हितग्राहियों को संबल कार्ड तथा 80 हितग्राहियों को भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत पंजीयन कार्ड वितरित किये गये।

सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजनांतर्गत 76 पेंशन स्वीकृति आदेश वितरित किये गये तथा हस्तकलां द्वारा मिटटी के वर्तन एवं विभिन्न कलाकृतियां बनाने वाली 05 महिलाओं को सम्मानित किया गया।लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जाना है।

6. अम्बेडर पार्क का उन्नयन एवं अटल

पार्क विकास कार्य राशि 25 लाख रुपये कराया जाना है। अंबेडकर पार्क कार्यक्रम में मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत
सिंगल क्लिक के माध्यम से 190 हितग्राहियों को राशि 1 करोड़ 90 लाख उनके
खाते में अंतरित की गई।
पी. एम. स्वनिधी योजना के तहत 10000 /- रुपये वाले 125 हितग्राही, 20000 /- रूपये वाले 162 हितग्राही 50000/- रूपये वाले 5 हितग्राही, 200000 / - वाले 20 हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया।
संबल योजनांतर्गत 225 हितग्राहियों को संबल कार्ड तथा 80 हितग्राहियों को भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत पंजीयन कार्ड वितरित किये गये।
सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन

# नगर में विकास यात्रा अंतिम दिन नगर पंचायत अध्यक्ष ने 3 करोड़ 49हजार के भूमि पूजन किया



ओबैदुल्लागंज संवाददाता विकास यात्रा के अंतिम दिन भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत नगर परिषद ओबैदुल्लागंज द्वारा मंडी प्रांगण में 03 करोड़49 हजार का भूमि पूजन किया इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने बताया कि हमारी नगर परिषद को छह महीने हुए हैं इसमें हमारे द्वारा नगर को स्वच्छ साफ सफाई के साथ विद्युत व्यवस्था सभी वार्डों की गली मोहल्ले सड़कों पर की जा रही है वही शीघ्र ही जो भूमि पूजन किए जा रहे हैं यह विकास भी देखने को मिलेगा जिसमें वार्ड क्रमांक एक में 20 लाख की लागत से श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल तथा सुंदरीकरण वार्ड नंबर 2 कायाकल्प अभियान के अंतर्गत डामरीकरण 13 लाख 80 हजार वार्ड नंबर 2 आरसीसी रोड 25 लाख 97 हजार वार्ड नंबर 3 ,20 लाख की लागत से सीसी रोड और नाली वार्ड नंबर 4 पार्क का कायाकल्प 16लाख, वार्ड क्रमांक 5 सीसी सड़क 4लाख50हजार, वार्ड नंबर 67 उमरिया से दिग्वार मार्ग कायाकल्प 24 लाख 66 हजार वार्ड क्रमांक 7 सीसी सड़क 970000 वार्ड क्रमांक 8 हिरानिया तालाब आरसीसी रिटेनिंग वॉल 32लाख, वार्ड क्रमांक 9 सीसी सड़क 6लाख 30 हजार, वार्ड नंबर 10, 11, 12, मुख्य मार्ग कायाकल्प 53लाख18 हजार, वार्ड क्रमांक 10 अर्जुन नगर गांधी पार्क में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक निर्माण 26लाख 43हजार, वार्ड क्रमांक 10 आरसीसी रोड नाली 7लाख, वार्ड क्रमांक 11 सीसी सड़क 12 लाख 15 हजार वार्ड क्रमांक 12 रमेश प्रजापति के घर से सुखराम लागत 6लाख80हजार ,वार्ड क्रमांक 13 सीसी सड़क 10 लाख, वार्ड क्रमांक 14 सीसी सड़क आरसीसी नाली 4लाख50हजार ,वार्ड क्रमांक 15 दीनदयाल कॉलोनी आर सी सी सड़क 7 लाख 40हजार किया जायेगा

यात्रा की शुरुआत नगर परिषद प्रांगण में वृक्षारोपण कर अंबेडकर चौराहा से मुख्य बाजार घूम कर मंडी प्रांगण पहुंची यात्रा का कई लोगों ने स्वागत किया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ,जिला महामंत्री रविंद्र विजय वर्गीय जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति बृजेश चौकसे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर, नमिता अग्रवाल ,सुनील सेरिया, सुजीत यादव, शंकरलाल इरपांचे, राधा राजेंद्र साहू ,सना आमिर ममनून, हेमलता मनोज चौरसिया ,श्रीमती सरोज रामेश्वर नागर, प्रीति अनूप चौधरी मंडल महामंत्री सुनील बाल्मीकि शंकर पाल, एसडीएम प्रमोद गुर्जर नायब तहसीलदार नरेन्द्र सिंह राजपूत,सीएमओ सोनाली शर्मा इंजीनियर मुकेश जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# मरेंगो सिम्स अस्पताल, अहमदाबाद अंग प्रत्यारोपण के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में उभरा

अहमदाबाद , एजेंसी। गुजरात राज्य में पहली बार दोहरे फेफड़े के प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ता को अहमदाबाद के मरेंगो सिम्स अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। 41 वर्षीय सीरियाई सज्जन, जो इंटरस्टीशियल लंग डिजीज (आईएलडी या फेफड़े की फाइब्रोसिस) बिगड़ने से 2 महीने से अधिक समय से बिस्तर पर थे, इस साल 6 जनवरी को उन पर प्रोसीजर की गई। मरेंगो एशिया हेल्थकेयर नेटवर्क अस्पतालों की संयुक्त विशेषज्ञता से गठित फेफड़े के प्रत्यारोपण दल का नेतृत्व फेफड़े के प्रत्यारोपण के कार्यक्रम निदेशक डॉ कुमुद धीतल ने किया।इस केस में मरेंगो अस्पताल, फरीदाबाद, हरियाणा से उनकी टीम द्वारा समर्थित किया गया था, जिसमें डॉ प्रदीप कुमार, निदेशक - एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर, सीटीवीएस और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट, श्री प्रवीण दास, चीफ परफ्यूजनिस्ट शामिल थे, जिन्हें सिम्स अस्पताल में यह स्थानीय विशेषज्ञों का सहयोग मिला- सर्जरी - डॉ धीरेन शाह, सीटीवीएस और हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण के निदेशक, डॉ प्रणव मोदी, कंसल्टेंट थोरैसिक एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जन, और डॉ दवल नाइक, सीनियर कंसल्टेंट सीटीवीएस और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन; एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर - डॉ निरेन भावसार और डॉ हर्षित बावीशी; ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजी- डॉ कपिल अय्यर और अमित पटेल। उन्हें उन्नत क्रिटिकल केयर नर्सों, फिजियोथेरेपिस्ट, डाइटीशियन, अन्य संबद्ध स्वास्थ्य कर्मचारियों की एक बड़ी टीम और डॉ सुरभि मदन, संक्रामक रोग और डॉ भाविनी शाह, माइक्रोबायोलॉजी की अमूल्य विशेषज्ञता का भी समर्थन मिला। डोनर ऑर्गन रिट्रीवल टीम का नेतृत्व डॉ. प्रकाश लुढानी ने किया।

# सुपरवैल्यूडेज़ के दौरान अमेज़न फ्रेश पर शानदार ऑफर्स के संग रंगों का उत्सव मनाएं

मुंबई, एजेंसी। यह समय होली के त्योहार के साथ रंग-बिरंगे वसंत के आगमन का स्वागत करने का है! निसंदेह, यह सबसे खुशनुमा उत्सव है जो लोगों को एक साथ लाता है और पूरे उमंग और उत्साह के साथ उनका मिलन कराता है। इसउत्सव की सबसे प्यारीबात यह है कि स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनोंऔर मिठाइयों के बिना इस उत्सव का आनंदअधूरा लगता है। गुजिया, ठंडाई, मलाई कुल्फी, मालपुआ और सेब की खीर और रोजमर्रा की पेंट्री जैसे शानदार व्यंजनों के साथ रंगों के इसउत्सव का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। अमेज़न फ्रेश पर सुपरवैल्यूडेज के दौरान कस्टमर अपनी खरीदारी की सभी जरूरतों का सामान यहां से ले सकते हैं, जिसमें ताजे फल वसब्जियां, पूजा और पार्टी के जरूरी सामान शामिल हैं। आप इनसे अपनी संपूर्ण होली पार्टी की योजना बना सकते हैं और साथ ही 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। शॉपिंगइवेंट1 से7 मार्च तक चलेगा, जिसमें आप ताजे फल, सब्जियां, घरेलू जरूरत की चीजों, हर्बल रंग, फूल, पूजा के आवश्यक सामान, स्नैक्स और पेय पदार्थ, स्टेपल और बहुत कुछ पर शानदारऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। कस्टमर्सदावत, फॉर्च्यून, फियामा, लक्मे, एरियल, गोदरेज, एमटीआर सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों के लिए ऑनलाइन डेस्टीनेशनसे सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ शानदार कीमतों और नए ऑफर्सका लाभ उठा सकते हैं और 4 से 7 मार्च 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत काइंस्टेंटडिस्काउंटऔर 300 रुपये तक केडिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

# सैमसंग ने की विंडफ्री एसी के 2023 लाइन-अप की घोषणा

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्रीमियम एयर कंडीशनर विंडफ्री टीएम सहित एयर कंडीशनर्स की 2023 रेंज की आज घोषणा की। यह नई रेंज उपभोक्ताओं की एक ऐसे शक्तिशाली एयर कंडीशनर की मांग को पूरा करती है जो तेज कूलिंग, साफ हवा, बिजली की बचत और शानदार खूबसूरती के साथ कई अन्य सुविधाओं को बेहतरीन तरीके से एक साथ पेश करे। विंडफ्री टीएम टेक्नोलॉजी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह आमतौर पर एयर कंडीशनर्स से निकलने वाली ठंडी हवा के थपेड़ों को खत्म कर 0.15 एम/एस की गति से 23000 सूक्ष्म छिद्रों के जरिए हवा बाहर छोड़ती है, जिससे न सिर्फ 45 प्रतिशत ज्यादा तेजी से कूलिंग होती हैं बल्कि प्रभावशाली कूलिंग के साथ बेहतरीन आराम भी मिलता है। इस नई रेंज में 36 विंडफ्री टीएम एयर कंडीशनर मॉडल मौजूद हैं।घर की आंतरिक साज-सज्जा के साथ आसानी से घुलमिल जाने के लिए डिजाइन किया गया यह नया लाइनअप खूबसूरत डुअल टोन डिजाइन में है और सफेद रंग के पैनल के अलावा 2 नए रंगों में भी उपलब्ध है - रोज ग्रे और एअरी मिंट। यह नया लाइनअप सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स और फ्लिपकार्ट, अमेजॉन तथा सेमसंग.काम पर ऑनलाइन उपलब्ध है जिसकी कीमत 35,599 रुपए से शुरू होती है। घर के भीतर के वातावरण को साफ रखने के लिए नई रेंज के चुनिंदा मॉडलों में इन बिल्ट एयर प्यूरीफायर है जो अत्याधुनिक फिल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी के साथ 4-इन-1 पीएम2.5 एयर फिल्टर से लैस है। 4-इन-1 एयर फिल्टर अति सूक्ष्म धूल कणों को छानकर और बैक्टीरिया, वायरस तथा एलर्जेंस को स्टरलाइज कर अधिकतम संभव सुरक्षा प्रदान करता है। यह हानिकारक बैक्टीरिया को 90 प्रतिशत तक, वायरस को 99 प्रतिशत तक और एलर्जेंस को 98 प्रतिशत तक कम कर देता है।

# अप्रैल से नए उत्सर्जन नियम लागू होने के बाद 5 प्रतिशत तक बढ़ेगी वीईसीवी के वाहनों के दाम



नई दिल्ली, एजेंसी। देश में इस साल अप्रैल से सख्त उत्सर्जन नियम लागू होने के बाद वीई कमर्शियल वेहिकल्स (वीईसीवी) के विभिन्न मॉडलों के दाम पांच प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। वोल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीईसीवी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद अग्रवाल ने यह बात कही है। वीईसीवी 4.9-55 टन जीवीडब्ल्यू के ट्रकों की एक श्रृंखला के साथ-साथ 12 से 72 सीटों की क्षमता वाली बसें बेचती है। अग्रवाल ने विश्लेषक कॉल में कहा, ''जहां तक लागत वृद्धि का सवाल है, यह बीएस-चार से बीएस छह की ओर स्थानांतरित होने जैसा नहीं है। मुझे लगता है कि लागत में तीन से पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होनी चाहिए। उनसे एक अप्रैल से लागू होने वाले नए उत्सर्जन नियमों के अनुरूप अपने वाहनों में बदलाव के बारे में पूछा गया था। अग्रवाल ने कहा कि मॉडल में बदलाव 2022-23 की चौथी तिमाही में चरणबद्ध तरीके से होगा। एक अप्रैल से हम 100 प्रतिशत तक इसके अनुरूप होंगे। भारतीय वाहन उद्योग वर्तमान में अपने उत्पादों को भारत चरण छह के दूसरे स्तर के अनुरूप करने के लिए काम कर रहा है। चार पहिया यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को उत्सर्जन मानकों के अगले स्तर को पूरा करने के लिए अधिक परिष्कृत उपकरणों की आवश्यकता होगी। तत्काल आधार पर उत्सर्जन के स्तर की निगरानी के लिए वाहनों में 'सेल्फ डायग्नोस्टिक उपकरण लगाना होगा, जो लगातार वाहन के कलपुर्जों की निगरानी करेगा। यदि किसी वाहन में उत्सर्जन तय सीमा से अधिक हो रहा है तो लाइट के जरिए इसकी चेतावनी मिलेगी और वाहन को दुरुस्त करने के लिए भेजना पड़ेगा।

# हास्य नाटक शराफत तेरी ऐसी तैसी का सिंधी में हुआ मंचन

## कला ,पत्रकारिता और समाज सेवा क्षेत्र की प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

भोपाल। हिंदी के लोकप्रिय हुए नाटक ÷शराफत तेरी ऐसी तैसी÷ का सिंधी भाषा में नाट्य मंचन रविवार को शहीद भवन हुआ।

राजधानी की संस्था अखंड सिंधु संसार विचार मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था का यह 23 वां नाट्य एवं सम्मान समारोह था।

नाटक और फिल्म अभिनेता और सिंधी,हिंदी रंगमंच के वरिष्ठ नाट्य निर्देशक श्री अशोक बुलानी के निर्देशन में सिंधी रंग समूह संस्था के कलाकार ,राकेश शेवानी गुल पहलाजानी, मीना पहलाजानी, ज्योति चावला, कल्पना चंदानी, लखन परयानी ,तन्मय वासवानी,विजय ज्ञानचंदानी, पिंकी लालवानी, जानवी भावनानी ने 'माउ मुई शराफत जी' (शराफत तेरी ऐसी तैसी) में अभिनय किया। संगीत संयोजन उत्कर्ष जगवानी और प्रकाश संयोजन ब्रजेश अनय का था। कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया।

सम्मान समारोह का संचालन आल इंडिया रेडियो की उद्घोषिका हर्षा मूलचन्दानी ने किया। अखण्ड सिंधू संसार विचार मंच ने सिंधी कलाकारों का मंच प्रदान करने एवं समाज में सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए 25 वर्ष नाट्य एवं सम्मान समारोह की शुरूआत की थी।सिर्फ



कोरोना काल छोड़कर संस्था ने निरंतर कार्यक्रम भोपाल और इंदौर के अलावा प्रदेश के शहरों में किये हैं। संस्था आगामी वर्ष से अनुवाद पुरस्कार भी देगी।

**प्रतिभाएं सम्मानित:** अखंड सिंधु संसार विचार मंच के सम्मान कार्यक्रम और नाट्य मंचन की शुरुआत दीप जलाकर की गई। दादी ईश्वरी देवी ,कटनी ने पूजा आराधना की। दादी ने दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की। श्री ज्ञानचंद लालवानी ने दादी का सम्मान किया।

किशन बजाज पत्रकारिता सम्मान से श्री अनिल संगवानी सम्मानित किए गए। हर्षा मूलचंदानी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ रंगकर्मी सम्मान से सुरेश पारवानी सम्मानित हुए। कविता इसरानी को कौशल्या देवी लखानी कला सम्मान दिया गया। अखंड सिंधु संसार विचार मंच,भोपाल के नाट्य मंचन और राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मान कार्यक्रम में शहीद भवन,भोपाल में प्रो मनवानी श्रेष्ठ सिंधी स्मारिका सम्मान, श्री संजय खूबचंदानी,कटनी को दिया गया।सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए श्री छांगोमल लालवानी समाज सेवा सम्मान से श्री किशोर कोडवानी सम्मानित किए गए। समाजसेवी श्री तुलसी नेनवानी अशोक मनवानी और अन्य पदाधिकारियों ने सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम संयोजक ज्ञानचंद लालवानी ने सभी का आभार माना। शराफत तेरी ऐसी तैसी ने बहुत हंसाया इस चर्चित हिंदी हास्य नाटक का सिंधी रूपांतरण रंग समूह की ओर से आज शहीद भवन के मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह नाटक आज के युग में शरीफ व्यक्ति के समक्ष आने वाली मुश्किलों और दुश्वारियां को बयां करता है। शराफत किस तरह कभी कभी बहुत महंगी पड़ जाती है ,इसे हास्य व्यंग्य के साथ चुटीले संवादों से अशोक बुलानी जी के सधे हुए निर्देशन में कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के साथ दर्शकों को दिखाया गया।प्रस्तुति सभी को आनंदित कर गई।



इस रानी मार्केट हमीदिया रोड स्थित राजा वीर मंदिर पर पूज्य राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर विशेष अतिथि महासचिव राष्ट्रीय हिंदू महासभा एवं महामंत्री भारतीय जनता पार्टी भगवानदास सबनानी एवं अतिथि के रूप में राजेश सिंह गोरानी भगवानदास देव रानी नरेश ज्ञानचंदानी थे महोत्सव की शुरुआत राजा वीर विक्रमादित्य के मंदिर पर दीप प्रज्वलन कर हुई इसके बाद भव्य आरती का आयोजन किया गया राजा वीर समिति के अध्यक्ष लखू अंदानी ने बताया समिति द्वारा 73 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस मंदिर की मिट्टी समाज के पूर्वज सिंध प्रांत से लाए थे इस महोत्सव में साईं मनीष लाल साहेब द्वारा वही राणा साहब की आहुति होगी एवं कमल भगत ग्वालियर द्वारा सिंधी भगत की प्रस्तुति दी जा रही है कल महोत्सव के अवसर पर झमाझम झूलेलाल भजन मंडली द्वारा भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है

# व्याख्यान एवं राज्य स्तरीय पत्रकारिता सम्मान 4 मार्च को होगा



भोपाल । राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान अलंकरण समारोह एवं व्याख्यान का आयोजन शनिवार, 4 मार्च को माधवराव सप्रे समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित व्याख्यान का विषय है एक देश एक चुनाव। इसके मुख्य वक्ता होंगे भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ओ.पी. रावत जी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय,भोपाल के कुलपति प्रो. के.जी. सुरेश। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर करेंगे। इस अवसर पर समसामयिक मुद्दों पर केंद्रित पुस्तक पत्रकारिता का धर्म का विमोचन भी होगा। प्रदेश के जाने माने पत्रकार भुवन भूषण देवलिया की स्मृति में व्याख्यान का यह ग्यारहवां वर्ष है।

भुवन भूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति ,भोपाल ने सागर शहर के गौरव आंचलिक पत्रकार संघ के संस्थापकों में से एक और सैकड़ों युवाओं को देश के मीडिया संस्थानों में सेवा के योग्य बनाने वाले देवलिया जी की स्मृति में एक पुरस्कार भी स्थापित किया है। प्रतिवर्ष समारोह पूर्वक चयनित आंचलिक पत्रकार को पुरस्कृत किया जाता है। यह जानकारी समिति के सदस्य अशोक मनवानी ने दी।

# आर्ट लोक स्टूडियोज ऑफ रियलिस्टिक विजुलाइजेशन द्वारा दो दिवसीय सोलो सागा का आयोजन

भोपाल -- आर्ट लोक स्टूडियोज ऑफ रियलिस्टिक विजुलाइजेशन द्वारा दो दिवसीय %सोलो सागा% का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे परसाई उवाच के अंतर्गत हरीशंकर परसाई जी की कहानियों पर सोलो थियेटर परफोरमेंश से समारोह का प्रारम्भ हुआ।

आर्ट लोक स्टूडियो एक प्रोफेशनल संस्था है जो प्रायोगिक नाट्य परफोर्मिंग कलाओं के दृष्टिकोण से पारंपरिक नाट्य शैली के साथ आधुनिक कला विधियों का समावेश करके एक नई शैली को तलाशने एवं गढ़ने की और अग्रसर है। आर्ट लोक संस्था%गो ग्रीन-गो क्लीन मिशन के अंतर्गत प्लांटेशन करती रही है। कोविड के कठिन समय मे लोगो में सकारात्मकता का प्रवाह करने के लिए ऑनलाइन फोटोग्राफी का आयोजन संस्था ने किया। सोलो थियेटर परफोरमेंस का यह संस्था का पहला प्रयोग सफल रहा। नाटक में योगेश उमाठे एवं संतोष सुमन का सशक्त अभिनय दर्शको को बांधे रखने मे सफल रहा।

मप्र नाट्य विद्यालय के निदेशक टीकम जोशी जी ने नटराज की मूर्ती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नाटक का निर्देशन तरुण दत्त पाँडे ने किया। आर्ट लोक स्टुडियों के अध्यक्ष अपूर्व दत्त मिश्रा ने कहा कि हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंगकार हरिशंकर परसाई की कहानियों पर आधारित सोलो थियेटर परफॉर्मेंस का आयोजन पद्मश्री गुलवर्धन जी, शांति बर्धन जी एवं के. जी. त्रिवेदी जी की स्मृति में आयोजित किया गया है। हमने सोलो थियेटर फेस्टीवल के द्वारा प्रयोग की शुरुआत की है। नये रास्ते खोजने व नया करने का हमारा प्रयास जारी है। हम सभी को आप दर्शको का धन्यवाद करते है। यह प्रोग्राम कल शाम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विशेषता यह भी रही कि नाटक के बाद इंटरेक्शन सेशन रखा गया जिसमे नाटक को देखने के पश्चात दर्शको की जिज्ञासा को संतुष्ट करने का प्रयास किया गया।

# जीडीपी और वाहन बिक्री के आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर




मुंबई, एजेंसी। दुनिया के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में आगे भी बढ़ोतरी करने की आशंका से बीते सप्ताह ढाई फीसदी से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और फरवरी की वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1538.64 अंक अर्थात 2.52 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59463.93 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 478.4 अंक यानी 2.7 प्रतिशत की बड़ी गिरावट लेकर 17465.80 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 506.47 अंक यानी 2.1 प्रतिशत लुढ़ककर 24178.73 अंक और स्मॉलकैप 461.81 अंक अर्थात 1.65 प्रतिशत टूटकर 27584.59 अंक पर आ गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी लगातार छठे दिन गिरते हुए सप्ताहांत पर ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट पर रहा। बाजार पहले से ही उच्च स्तर पर जाने के लिए संघर्ष कर रहा था और अब अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल के कारण वैश्विक बाजारों में बिकवाली सेंसेक्स-निफ्टी के लिए बाधक बनी रही। घरेलू शेयर बाजार बाजार निकट अवधि में अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक की गति के साथ-साथ वैश्विक बाजारों की दिशा पर नजर रखेगा क्योंकि वर्ष 2023 की पहली छमाही में अमेरिका में ब्याज दर परिदृश्य एक प्रमुख कारक बना रहेगा। वर्तमान में बाजार भू-राजनीतिक स्थिति पर अधिक प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह 28 फरवरी को वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी होने वाले हैं।

# भारत ने आईएमएफ-एफएसबी से क्रिप्टो के नियमन पर टेक्नीकल पेपर तैयार करने को कहा, आईएमएफ एमडी ने कही ये बात

नई दिल्ली, एजेंसी। वर्तमान में जी 20 की अध्यक्षता कर रहे भारत ने आईएमएफ और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) को संयुक्त रूप से क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर एक तकनीकी पत्र तैयार करने के लिए कहा है। इसका उपयोग क्रिप्टो परिसंपत्तियों को विनियमित करने के लिए एक समन्वित और व्यापक नीति तैयार करने में किया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन अक्टूबर 2023 में वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की चौथी बैठक के दौरान अपना संयुक्त पत्र पेश कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार एक नीतिगत ढांचे की आवश्यकता पर चल रही बातचीत के पूरक के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एफएसबी की ओर से एक संयुक्त तकनीकी पत्र का प्रस्ताव दिया है। यह क्रिप्टो-परिसंपत्तियों के व्यापक आर्थिक और नियामकीय दृष्टिकोण पर आधारित होगा। इससे क्रिप्टो परिसंपत्तियों के नियमन में मदद मिलेगी।

क्रिप्टो यूनिवर्स के तेजी से विकास के बावजूद, क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए कोई व्यापक वैश्विक नीति ढांचा नहीं है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों और पारंपरिक वित्तीय क्षेत्र के बीच अधिक अंतर्संबंध के साथ-साथ क्रिप्टो परिसंपत्तियों के आसपास जटिलता और अस्थिरता पर चिंताओं को देखते हुए नीति निर्माता सख्त नियमों के पक्षधर रहे हैं।

वित्त मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ), फाइनेंसियल स्टेबिलिटी बोर्ड (एफएसबी), कमिटी ऑन पेमेंट्स एंड मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर्स (सीपीएमआई), अंतरराष्ट्रीय प्रतिभूति आयोग संगठन (आईओएससीओ) और बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति (बीसीबीएस) जैसे वैश्विक मानक निर्धारित करने वाले निकाय अपने संबंधित संस्थागत जनादेश के भीतर काम करते हुए क्रिप्टो से संबंधित नियामक एजेंडे पर समन्वय बना रहे हैं।



भारत वित्तीय अखंडता की चिंताओं से परे क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी 20 चर्चा को व्यापक बनाने और अर्थव्यवस्था में व्यापक रूप से क्रिप्टो अपनाने के व्यापक प्रभावों पर नियंत्रण की उम्मीद करता है। इसमें कहा गया है इसके लिए क्रिप्टो परिसंपत्तियों की वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के लिए डेटा-आधारित और सूचित दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी

नीति निर्माताओं को क्रिप्टो परिसंपत्तियों के व्यापक व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता निहितार्थों के बारे में सूचित करने के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी ने आईएमएफ से 23 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित दूसरी जी 20 वित्त और केंद्रीय बैंक डिप्टी बैठक के लिए इस विषय पर एक चर्चा पत्र तैयार करने का अनुरोध किया। बयान में कहा गया है, उक्त बैठक के दौरान,क्रिप्टो परिसंपत्तियों के आसपास संवाद को व्यापक बनाने के लिए प्रेसीडेंसी के प्रयासों के हिस्से के रूप में क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर नीति सहमति के लिए बहस शीर्षक से एक संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

आईएमएफ के वक्ता, टॉमासो मैनसिनी-ग्रिफोली ने घटना के दौरान चर्चा पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें किसी देश की अर्थव्यवस्था की आंतरिक और बाहरी स्थिरता के साथ-साथ इसकी वित्तीय प्रणाली की संरचना पर क्रिप्टो अपनाने के परिणामों पर प्रकाश डाला गया। मैनसिनी-ग्रिफोली ने रेखांकित किया कि क्रिप्टो परिसंपत्तियों के कथित लाभों में सस्ता और तेजी से सीमा पार भुगतान, अधिक एकीकृत वित्तीय बाजार और वित्तीय समावेशन में वृद्धि शामिल है, लेकिन इन्हें अभी तक महसूस नहीं किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि इंटरऑपरेबिलिटी, सुरक्षा और दक्षता के साथ समस्याओं की गारंटी निजी क्षेत्र की ओर से नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि लेजर इंट्री के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे/प्लेटफार्मों को सार्वजनिक भलाई के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने क्रिप्टो संपत्ति यूनिवर्स से संबंधित वैश्विक सूचना अंतराल और जी 20 के तत्वावधान में क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित इंटरलिंकेज, अवसरों और जोखिमों पर गहरी समझ बनाने की आवश्यकता को भी चिह्नित किया।

बयान में कहा गया है कि इस चर्चा ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर व्यापक संवाद शुरू करने में मदद की है, लेकिन कई प्रासंगिक नीतिगत प्रश्न भी उठाए हैं जिन्हें नीति निर्माताओं और नियामकों को बारीकी से मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।

# महीनेभर में ही गौतम अडानी का हिला साम्राज्य, टॉप-30 से भी हुए बाहर, अब इतनी रह गई दौलत

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में कभी नंबर-2 पर रहने वाले अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी की एक महीने में संपत्ति इतनी गिरी है कि अब वे टॉप- 30 से बाहर हो चुके हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से ही इनकी संपत्ति में रिकॉर्ड तोड़ गिरावट देखी गई है। फोर्ब्स के रियल टाइम बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी 33वें नंबर पर पहुंच चुके हैं।

गौतम अडानी की संपत्ति 24 जनवरी से पहले 100 अरब डॉलर से ज्यादा की थी, पर अमेरिका के शॉर्ट सेलिंग फर्म की रिपोर्ट आने के बाद ये संपत्ति तेजी से घटी है। ब्लूमबर्ग अरबपतियों की लिस्ट के मुताबिक, गौतम अडानी की दौलत इस साल अभी तक 80.6 अरब डॉलर घटी है। हालांकि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में गौतम अडानी 30वें नंबर पर हैं।

रिकॉर्ड गिरावट के बाद गौतम अडानी की दौलत इतनी घटी है कि मुकेश अंबानी की नेटवर्थ की तुलना में इनकी कुल संपत्ति आधी से भी कम हो चुकी है। फोर्ब्स की अरबपतियों की लिस्ट में गौतम अडानी की कुल संपत्ति 35.3 अरब डॉलर हो चुकी है। शुक्रवार को ही इनकी कुल दौलत में 1.4 अरब डॉलर की गिरावट हुई है।

वहीं दूसरी ओर एशिया के सबसे



अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की दौलत शुक्रवार को 628 मिलियन डॉलर बढ़ी है और अब इनकी कुल नेटवर्थ 84.1 अरब डॉलर हो चुकी है, जो गौतम अडानी की कुल संपत्ति से दोगुना से भी ज्यादा है। मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में 8 स्थान पर हैं।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को आए 1 महीने पूरे हो चुके हैं। ऐसे में भारी बिकावली के बाद अडानी समूह के शेयर बाजार में लिस्टेड 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 12.05 लाख करोड़ रुपए की कमी आई है। 24 जनवरी, 2023 को 10 कंपनियों का मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ रुपए था, जो शुक्रवार 24 फरवरी को बाजार के बंद होने के बाद 7.16 लाख करोड़ रुपए रह गया।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

## नाबालिग से सामूहिक दुराचार व किसान आत्महत्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा ।** भाजपा के शासन काल में सम्पूर्ण म.प्र. के साथ ही छिन्दवाड़ा में बिगड़ी कानून व्यवस्था, सम्पूर्ण जिले में व्याप्त अराजकता व दिन प्रतिदिन बिगड़ती सामाजिक व्यवस्था के साथ ही पांच वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुराचार व किसान आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर कांग्रेस का आक्रोश फूट पड़ा। जिला महिला कांग्रेस, जिला युवक कांग्रेस, जिला कांग्रेस सेवादल व जिला एनएसयूआई सहित शहर कांग्रेस ने आज शहर में दो प्रमुख स्थानों पर नारेबाजी करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका। पुलिस और प्रशासन की तमाम सख्ती के बीच कांग्रेस ने शिवराज सिंह चौहान के पुतले को आग लगाकर सड़क पर घसीटकर सम्पूर्ण हिस्से को जलाकर हर वर्ग के लिये न्याय मांगा और मौके पर ही प्रशासन को महामहिम राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाड़लियों को बचाने व उनके लिये योजनायें क्रियान्वयन का ढोंक करते हैं, जबकि उनकी ही सरकार में उनकी ही पार्टी के नेताओं के इशारों पर पुलिस पांच वर्षीय नाबालिग के साथ हुये सामूहिक दुराचार के अपराध में संलिप्त एक आरोपी को बचाने में जुटी हैं। पुलिस भाजपा के नेताओं के इशारों पर काम करते हुये एक जघन्य अपराध के आरोपी को बचा रही है यह बड़े ही दुख की बात है। विगत दिवस छिन्दवाड़ा पहुंची भाजपा की राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार जो कि स्वयं महिला है, उनके संज्ञान में पांच वर्षीय नाबालिग के साथ हुये सामूहिक दुराचार का मामला लाया गया तो उन्होंने भी किसी प्रकार की कार्यवाही हेतु पुलिस को निर्देशित नहीं किया इससे साफ होता है कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा दोगला है। जनता भाजपा के दोगले चेहरे अब समझ चुकी है, जहां एक ओर कांग्रेस पांच साल की नाबालिग के साथ हुये दुराचार और किसान नरेश पवार की आत्महत्या के मामले में उचित कार्यवाही के लिये कांग्रेस मुखर है तो वहीं भाजपा नाबालिग से सामूहिक दुराचार के एक आरोपी को बचाने में जुटी है। किसान नरेश पवार की आत्महत्या पर भाजपा ने आखिर क्यों चुप्पी साधी है।

पुलिस और प्रशासन के सम्पूर्ण बल प्रयोग और वाटर कैनन से जूझते हुये जिला महिला कांग्रेस, जिला युवक कांग्रेस, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला एनएसयूआई व शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया गया। प्रदेश की भाजपा सरकार और सीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुये सबसे पहले स्थानीय गांधी चौक (फव्वारा चौक) जिसके उपरांत नरसिंहपुर नाका पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका। गांधी चौक पर पुतला दहन के दौरान पुलिस के द्वारा किये गये बल प्रयोग से जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य अहके, एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर सहित लोकेश विश्वकर्मा, नितिन वानखेड़े जख्मी हो गये। जिला महिला उत्पीडन् निवारण प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिवानी सक्सेना ने भी प्रकोष्ठ की महिलाओं के साथ विरोध दर्ज किया। पुलिस की अनुचित कार्यवाही के खिलाफ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पुलिस थाना का घेराव कर पुलिस के द्वारा किये गये अनावश्यक बल प्रयोग के खिलाफ कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

नाबालिग से सामूहिक दुराचार व किसान आत्महत्या एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध जिला महिला कांग्रेस, जिला युवक कांग्रेस, जिला एनएसयूआई व शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक व नरसिंहपुर नाका पर शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया और पांच साल की नाबालिग बेटी के साथ ही किसान के द्वारा किये गये आत्महत्या के प्रकरण में राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

### पुलिस के द्वारा किया गया बल प्रयोग निंदनीय: ओक्टे

छिन्दवाड़ा– पांच वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार के अपराध के आरोपी को पुलिस भाजपा के दबाव में बचा रही है जो बड़ा ही दुखद व निंदनीय है। नाबालिग से हुये दुराचार के आरोपियों को कड़ी सजा व किसानों की आवाज उठाने वाले कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष, पदाधिकारियों व कांग्रेस के अन्य मोर्चा, संगठनों के जिला अध्यक्षों पर पुलिस के द्वारा किये गये बल प्रयोग की कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कड़ी निंदा की है।

### दरिंदगी के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा नगर के बस स्टैंड में युवक कांग्रेस के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों बस स्टैंड पर जमकर नारेबाजी की और बीच रोड पर बैठ गए जिनके द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी बलात्कार शराब की बिक्री के विरोध में और अभी हाल ही में छिंदवाड़ा में 5 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ा गया जिसके विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी युवक कांग्रेस के द्वारा बस स्टैंड में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया और मांग की गई छिंदवाड़ा मैं जो 5 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी हुई है उसके आरोपियों को पकड़ कर सख्त से सख्त सजा दी जाए नहीं तो युवक कांग्रेस आंदोलन करेगी इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद चौरसिया कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश साहू पार्षद गाना अर्पित लाला पार्षद राजेश अहिरवार राजकुमार वरकडे ,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनुभव सिंह परिहार सांसद प्रतिनिधि अतुल यादव मदन राठौड़ अभय चौरसिया रफीक मंसूरी राजकुमार अहिरवार अनुज विश्वकर्मा दीपक चंद्रवंशी मिंटू जैन शोभाराम वर्मा वेद शाह राहुल गोट मारे सुरेंद्र यादव बुधलाल वर्मा राजदीप बर्मा चंचलेश उईके सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुतला दहन के दौरान निरीक्षक मोहन मस कोले दल बल के साथ बस स्टैंड पर मौजूद थे जिनके साथ युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की पुतला दहन के समय युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ छुमा झटकी भी हुई।

### नाबालिग को न्याय दिलाने जय भीम सेना, ओबीसी महासभा सौंपेंगी ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** इंसानियत को शर्मशार करने वाली हृदय विदारक घटना छिंदवाड़ा नगर में हुई नाबालिग के साथ दुराचार की घटना की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित बच्ची को न्याय दिलाने एवं दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने हेतु जय भीम सामाजिक संगठन, ओबीसी महासभा 27 फरवरी दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे महाहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा । उक्ताशय की जानकारी जय भीम सेना के जिलाध्यक्ष शिवम पहाड़े ने बताया कि इस अवसर पर जय भीम संगठन और ओबीसी महासभा के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी और समस्त सामाजिक संगठन के लोगों की उपस्थिति में मासूम निर्भया को न्याय दिलाने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा जायेगा । उन्होनें इस अवसर पर समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनो से अपील की है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पीड़िता को न्याय दिलाने आगे आयें ।

### एनएसयूआई ने दोषियों के ऊपर कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा



छिंदवाड़ा। हाल ही में चारफ़ाटक क्षेत्र में पाँच साल की मासूम के साथ हुई दरिंदगी मानवता को बेहद शर्मसार कर देने वाली हैं घटना घटित हुई जिसमें पीड़ित बच्ची को न्याय दिलाने हेतु एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए विधानसभा एनएसयूआई अमरवाड़ा ने थाना राज्यपाल के नाम थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले को ज्ञापन सौंपा।

## थाने में पुलिस आराम करती रही उधर युवक कांग्रेस ने आसानी से फूक दिया मुखनमंत्री का पुतला

**सौसर ।** नगर में फिर एक बार पुलिस प्रशासन की सुस्त कार्यशैली सामने आई जिसको लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है पूरा मामला मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यकम का है बता दे कि युवक कांग्रेस सौसर के कार्यकर्ताओं द्वारा गत दिनो छिंदवाड़ा के चार फाटक के पास पांच साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के विरोध और प्रदेश में बढ़ते अपराध रोकने नाकामिया शासन प्रशासन की व्यवस्था को लेकर दोपहर एक बजे बस स्टैंड परिसर में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यकम था लेकिन कार्यकम से पुलिस प्रशासन नदारक होकर पुलिस थाना में आराम फरमाते रहा ऐसे में आसानी से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता ने बीच बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंक दिया बता दे कि बस स्टैंड सौसर थाना से मात्र 100 मीटर दूरी पर स्थित है फिर भी पुलिस प्रशासन मुख्यमंत्री का पुतला जलाने से रोक नहीं पाई हाला कि पुतला दहन के बाद पुलिस के अधिकारी घटना स्थल पहुंचे ऐसे में पुलिस प्रशासन की सुस्त व्यवस्था की खुलेआम पोल खुल गई जानकारी में बता दे कि जब से सौसर थाना का कार्यभार अमित कोरी ने संभाला है तब से क्षेत्र की व्यवस्था बिगड़ चुकी है जिससे आम जनता परेशान है शहर ने अपराधी गति विधियां भी दिनो दिन बढ़ रहा है लेकिन लंबे समय से विवादो से गिरे सौसर थाना प्रभारी पर विभाग मेहरबान है आम जनता की माने तो सौसर में पुलिस प्रशासन मैदानी स्तर से दूर है पुलिस थाना में प्रभारी की सुस्त व्यवस्था के कारण पुलिस प्रशासन सवालों के घेरे में गिरी हुई है बता दे कि जिले भर में मुख्यमंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन में बीच बचाव कर पुतला दहन नही होने दिया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के ग्रह क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन आसानी से हो गया जिसकी चर्चा सौसर से लेकिन जिला मुख्यालय तक गूंज रहा है।

## आज जिला के रेडियोलॉजी विभाग की सेवाएं बाधित रहेगी

प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव कमलेश धाकड़ ने बताया कि प्रदेश के समस्त रेडियोग्राफर्स की न्यायोचित मांगो पर ध्यानाकर्षण हेतु प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ म.प्र. द्वारा शासन को ~ 23 जरवरी 2023 को ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किया गया था, किन्तु आज दिनांक तक हमारी मांगो को पूर्ण करने सम्बंधित कोई ठोस कदम शासन की ओर से नही उठाया गया है, न ही कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया शासन की ओर से संघ को प्राप्त हुई है। रेडियोग्राफर संवर्ग की न्यायोचित मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं होने से पूरे प्रदेश के रेडियोग्राफर साथियों में रोष व्याप्त है। अतः प्रदेश के समस्त रेडियोग्राफर संवर्ग के साथ छिंदवाड़ा जिले के समस्त रेडियोग्राफर आज एक दिवस सामूहिक अवकाश पर रहकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करेंगे, और इसके बाद भी सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर संघ के आव्हान पर 15 मार्च 2023 से काम बंद करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए विवश हो जाएंगे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न

अमरवाड़ा । नगर के गरमेटा पहाड़ शिव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक की गई इसमें आगामी कार्यक्रम एवं धर्म रक्षा निधि के विषय में बताया



गया एवं योजना में संगठन के अधिकारियों द्वारा सागर श्रीवास्तव को जिला मिलन प्रमुख बनाया गया एवं हर्रई प्रभारी ,वही जिला बल उपासना प्रमुख आकाश पहलवान को अमरवाड़ा पालक एवं दुर्गा वाहिनी डूंगरिया संयोजिका बंदना हुई के रेखा भलावी को सह संयोजिका नियुक्त किया गया जिला अध्यक्ष शशि परतेती, जिला उपाध्यक्ष संजय विश्वकर्मा,जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी, जिला संयोजक बजरंग दल राधेश्याम यदुवंशी, मातृशक्ति जिला संयोजिका प्रमिला ठाकरे , की सर्व सहमति से नियुक्त किया गया जिसमें मुख्य रुप से बैठक में उपस्थित रहे।

## एक अधीक्षक के कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर समाधानकारक नहीं

छिन्दवाड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सत्येन्द्र सिंह मरकाम द्वारा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के दमुआ नगर के सीनियर कन्या छात्रावास की अधीक्षक (प्राथमिक शिक्षक) मीना तुमड़ामें को जारी कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर समाधानकारक नहीं होने पर श्रीमती तुमड़ामें की एक वेतनवृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकी जाने के आदेश पारित किये गये हैं तथा दण्डादेश जारी कर प्रकरण समाप्त कर दिया गया है । यह कार्यवाही म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है।

## समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आगामी 7 मार्च को समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाईन के संलग्न विभागों/विषयों, लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं और समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा की जायेगी । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सीएम हेल्पलाईन में शिकायतों की समीक्षा कर उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें । साथ ही अन्य विषयों में प्राप्त प्रकरणों का भी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें ।

## जिले के विधानसभा क्षेत्र पांढुर्णा के विकासखंड पांढुर्णा के 4 ग्रामों में विकास यात्रा संपन्न

छिन्दवाड़ा। जिले के विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के विकासखंड जुन्नारदेव में आयुष्मान भारत की थीम पर विकास यात्रा आज ग्राम डुंगरियाभरदागढ़ से प्रारंभ हुई और ग्राम भरदागढ़, रामपुर व बानाबेहरा होते हुये ग्राम कांगरासिंदरई पहुंची । विकास यात्रा के दौरान ग्राम भरदागढ़ में आयोजित सभा में ग्राम डुंगरियाभरदागढ़, राखीकोल, माण्डई, चुरनीचौगान, भरदागढ़, बेलनीढाना, पिंडरईकला, बाकातवा व पाढरवनग्राम, ग्राम रामपुर में आयोजित सभा में ग्राम रामपुर, चउमउ, लकडबंधी, संदालघुदी व केरिया, ग्राम बानाबेहरा में आयोजित सभा में ग्राम बानाबेहरा, मारेगांव, चिचोली, बिछुआ, मेढका, टेकाढाना, करजई व डेहरी और ग्राम कांगरासिंदरई में आयोजित सभा में ग्राम कांगरासिंदरईमऊ, नूनखड़क, कुसुमपाठ, बारूढाना, टाण्डसी, लाखापुर, चंदनियाकोयलवाडी, बाकोड़ी, उमरडोह, दानवा, करजपानीघुदी, डोडरामउ व बिरमडोह के ग्रामवासी शामिल हुये।

## अवैध उत्खनन कर परिवहन पाये जाने पोकलेन मशीन और एक डंपर की जप्ती

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर शीतला पटले द्वारा दिये गये आदेश के परिपालन में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी छिंदवाड़ा अतुल सिंह के निर्देश और जिला खनि अधिकारी मनीष पालेवार के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज और राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले की तहसील छिंदवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है । इसी तारतम्य में खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने की शिकायत प्राप्त होने पर आज संयुक्त दल द्वारा तहसील छिंदवाड़ा के ग्राम खापाभाट में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के पीछे पहाड़ी के पास की भूमि खसरा नंबर 110/1 पर खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन करते हुए मौके पर एक पोकलेन मशीन और एक बिना नंबर अंकित डंपर पाया गया ।राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा जांच के दौरान मौके पर वाहनों के द्वारा खनिज मुरम का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन पाये जाने से खनिज प्रावधानों के अंतर्गत वाहनों की जप्ती की कार्रवाई की गई और क्षेत्र में किए गए अवैध उत्खनन मुरूम क्षेत्र की नपती की गई। मौके पर जप्त की गई पोकलेन मशीन को वाहन चालक की सुपुर्दगी में दिया गया और डम्पर को पुलिस चौकी धरमटेकड़ी की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक खड़ा कराया गया है। क्षेत्र पर खनिज प्रावधानों के अंतर्गत खनिज मुरूम का अवैध खनन किये जाने से प्रकरण दर्ज किया जाकर निर्णयन के लिये कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रेषित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही के दौरान माइनिंग इंस्पेक्टर महेश नगपुरे, हल्का पटवारी श्री आकिब खान, होमगार्ड सैनिक देवेंद्र शर्मा व जीवन चौरे और खनिज एवं राजस्व विभाग का संयुक्त अमला सम्मिलित था।

## हरामखाऊ सम्मेलन 6 मार्च को दशहरा मैदान में

### 35 वें वर्ष में भव्य आयोजन की तैय्यारी शुरू

**छिंदवाड़ा ।** देश भर में ख्याति प्राप्त छिंदवाड़ा का हरामखाऊ सम्मेलन इस साल 6 मार्च को दशहरा मैदान में आयोजित हो रहा है। यह सम्मेलन का 35 वाँ वर्ष होगा। अधिक जानकारी देते हुए हेमंत जैन, सौरभ ठाकुर, योगेश बेले, सुनील जैन मंगलम ने बताया कि 35 वें वर्ष में समारोह को और भी अधिक भव्य बनाने का प्रयास किए जा रहें हैं। इस आयोजन की तैय्यारी शुरू हो गई है। देश में अपनी तरह का यह इकलौता आयोजन है, जिसमें छिंदवाड़ा की प्रमुख हस्तियों का अनोखे अंदाज में अभिनंदन किया जाता है। इस वर्ष 6 मार्च दिन सोमवार को होने वाले हरामखाऊ सम्मेलन में देश के प्रमुख हास्य कलाकार भी उपस्थित होकर जनता को हंसी के रंग से सराबोर करेंगे। इसके साथ ही छिंदवाड़ा इंटरनेशनल कलाकार मन्नुलाल झकलट की विशेष प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए बैठने की विशेष व उचित व्यवस्था की गई है। हरामखाऊ सम्मेलन शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## नोडल अधिकारी व एस.डी.एम. अतुल सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मेडिकल कॉलेज से संबध्द जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा के नोडल अधिकारी एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी अतुल सिंह द्वारा आज जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी विभागों की ओ.पी.डी., आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, आई.सी.यू.कक्ष, ओ.पी.डी.पर्ची काउंटर, आयुष्मान सुविधा केन्द्र, महिला व पुरूष के सभी वार्डो आदि का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में सभी विभागों के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी कार्य पर उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के अधीक्षक सह सिविल सर्जन डॉ.एम.के.सोनिया, आर.एम.ओ.डॉ.संजय राय, अन्य चिकित्सक, सफाई व्यवस्था व भोजन व्यवस्था के सुपरवाईजर और पार्किंग व्यवस्था के कॉन्ट्रेक्टर साथ में थे। नोडल अधिकारी एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्री सिंह द्वारा सभी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ को जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये । साथ ही जिला चिकित्सालय में आगामी 2 दिनों में 10 नये स्ट्रेचर, 2 एडवांस ब्लड प्रेशर मशीन व मरीजों के परिजनों के बैठने हेतु नये बैंचेस क्रय करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये । उन्होंने सफाई व्यवस्था के सुपरवाईजर को जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन दो बार साफ-सफाई कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और भोजन व्यवस्था के सुपरवाईजर को मरीजों के लिये बेहतर, ताजा व पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय में पार्किंग की व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से बनाया जाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य के लिये कर्मचारियों की संख्या बढ़ायें । उन्होंने कहा कि सप्ताह में 2 से 3 बार जिला चिकित्सालय का निरंतर आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा जिससे जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थायें बेहतर बनाई जाकर मरीजों का समुचित उपचार करने के साथ ही एक स्वस्थ व अच्छा वातावरण बनाया जा सके ।

## प्रांत स्तरीय सत्याग्रह में शामिल होंगे शिक्षक

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर पुरानी पेंशन योजना तत्काल लागू करने , प्रदेश के हजारों शिक्षकों को पदोन्नति प्रदान करने एवं नवीन शिक्षक संवर्ग में सम्मिलित गुरूजी, शिक्षाकर्मी ,संविदा शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करते हुये क्रमोन्नति वेतनमान /समयमान लाभ प्रदान करने के लिये प्रांत स्तरीय एक दिवसीय विशाल सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के लगभग 175 शिक्षक शिक्षिकाऐं सम्मिलित होने रवाना हो चुके है। इसमें विदित हो कि विगत 12 फरवरी को प्रदेश भर में जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन किया गया था द्वितीय चरण में प्रांत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है इसके पश्चात् भी शासन के द्वारा उचित पहल नहीं होती है तो उग्र आंदोलन की रणनीति बनायी जावेगी।

## नगर के 15 वार्डों में विकास यात्रा

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विधानसभा क्षेत्र चौरई की नगर पंचायत बिछुआ में विकास यात्रा आज वार्ड क्रमांक-एक से से प्रारंभ हुई और वार्ड क्रमांक-2 से 14 तक होते हुये वार्ड क्रमांक-15 पहुंची । विकास यात्रा के दौरान वार्ड क्रमांक-2 में माता मंदिर बिछुआ के प्रांगण में आयोजित सभा में वार्ड क्रमांक-एक, 2 व 7, शिव मंदिर परिसर बिछुआ के प्रांगण में आयोजित सभा में वार्ड क्रमांक-3 से 6, 10 व 14, बस स्टैण्ड बिछुआ में आयोजित सभा में वार्ड क्रमांक-8, 9 व 11 और संतोषी माता वार्ड बिछुआ में आयोजित सभा में वार्ड क्रमांक-12, 13 व 15 के वार्डवासी शामिल हुये। सभा के दौरान हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी

## बॉडीबिल्डिंग मैंस फिजिक्स मैं यासीन बने चैंपियन ऑफ चैंपियन



अमरवाड़ा। (फोटो) जय बजरंग व्यामशाला के तत्वाधान आयोजित जिला बॉडीबिल्डिंग एवं फिजिक्स सपोर्ट एसोसिएन के मार्गदर्शन में ,अमरवाड़ा के बरात घर में जिला स्तरीय बॉडीबिल्डिंग एवं मैंस फिजिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पूर्व नगर निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग मैं गोल्ड मेडलिस्ट श्री अनिल सिंघई के मुख्य आतिथ्य मै देवेंद्र कुमार जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष के संरक्षण तथा शेख मुख्तियार खान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस चैंपियनशिप में 5 राउंड 55 किलो, 60 किलो 70 किलो 75 एवं80 किलो के चैंपियन ने भाग लिया. इसमे रवि कांतअहिरवार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतर्राष्ट्रीय जज ,विक्रांत अहिरवार सेक्रेटरी, मोहम्मद सफीक खान इंटरनेशनल जज संतोष करोसिया, गोविंद चौहान, नीरज संपत की मुख्य उपस्थिति में यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो लगभग 5 घंटे तक चला. इस चैंपियनशिप में लगभग102 चैंपियनो ने भाग लेकर बॉडी बिल्डिंग के शानदार ,लाजवाब करतब का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया!

## पुलिस प्रशासन बना मुख्यमंत्री की कठपुतली: पूर्णिमा

### जिले में आये दिन हो रही नाबालिग बेटियों के साथ दरिन्दगी

छिंदवाड़ा । गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि अभी जिला दरिन्दगी की एक घटना से उबर भी नहीं पाया था, वहीं शर्मशार करने वाली दरिन्दगी की नाबालिग बच्चियों से दुराचार की 2 घटनाओं ने शहर की कानून व्यवस्था को व्यवस्था को शर्मशार कर दिया है । जिसमें चाँदामेटा के थाने वाले प्रकरण में 28 वर्षीय मुकेश आरोपी पूर्व से ही बलात्कार के केश में जमानत पर बाहर आया था, आने के बाद नाबालिग के साथ दूसरी घटना को अंजाम दिया, जो बताता है शहर और जिले की कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से निरंकुश हो चुकी है । प्रशासन के नुमाइंदो को मध्यप्रदेश सरकार ने सर्कस के शेर की तरह बना दिया है, जो आज गली के कुत्तों से भी डर रहे हैं, जिस वजह से हमारी बहन बेंटियां, हमारी बच्चियां, भय और आतंक के साये में पूर्ण रूप से आज असुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कोरोना काल के समय डियूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मचारी से शराब बिकवायी है, जो मुख्यमंत्री के शर्मनाक और झूठे बयान जो बहनों के भाई एवं बच्चियों के मामा बनने की बात कहते हैं, इनकी बिगड़ती कानून व्यवस्था ने पूरे प्रदेश में, गांव में शहर में भय और अराजकता का माहौल यह बताता है कि मामा सिर्फ दिखावे की राजनीति करते हैं, और लाड़ली बहना का लालच देकर एक बार फिर मामा ने विकास यात्रा के नाम पर छलावे का जाल बिछाया है जिससे पूरे शहर और जिले के साथ मध्यप्रदेश की बहनों को जागरूक रहना पड़ेगा और सावधान रहना पड़ेगा और इस वोट बैंक की राजनीति से सचेत रहना पड़ेगा । मैं पूछना चाहती हूँ मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चैहान से कि आज तक पुलिस प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिये कौन सी पुलिस सुरक्षा टीम बनायी है, जो महिला की सुरक्षा पर काम कर रही हो । अभी हाल ही की घटना इंदौर में एबीवीपी के छात्रों द्वारा जो प्राचार्या को जिन्दा जलाकर मार डालने की घटना सामने आयी है, ये मामा और अपने आपको भाई बताने वाले मुख्यमंत्री के लिये बेहद की शर्मनाक बात है । एन.सी.आर.के आंकड़े बताते हैं कि मध्यप्रदेश महिला उत्पीड़न अत्याचार से धधक रहा है, मुख्यमंत्री की लापरवाही और वेपरवाही यह बताती है कि सत्ता का नशा इनके सर चढ़कर बोल रहा है और ये बोलने की आजादी छीनकर, दमन की राजनीति कर रहे हैं, दिनांक 25 फरवरी को बच्ची के बलात्कार पर महिला कांग्रेस एवं अन्य संगठनों ने जब न्याय की मांग की तो उन पर पुलिस बल का प्रयोग कर लाठी चार्ज न वाटर केनन से पानी फेंका गया जिसमें महिला जिलाध्यक्ष सहित कुछ महिलायें और नौजवान साथी घायल हुये जिनका अस्पताल में उपचार कराया गया, यह बेहद ही निन्दनीय घटना है । मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को अपने हाथों की कठपुतली बनाकर रखा है जो माता-बहनों, समाज के लोगों से बोलने और विरोध प्रदर्शन की आजादी भी छीन रहे हैं । अब हालात इतने बुरे हो गये हैं कि बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के लिये शिक्षक और ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता से भी चंदा वसूली हो रही है, पूरे जिले में भय और आतंक का माहौल है । पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि आगामी 2023 एवं 2024 का चुनाव धर्म का चुनाव है क्योंकि अब भाजपा के पास जबाव देने के लिये कोई मुद्दे नहीं है, जो धर्म का नशा अफीम की तरह नौजवानों और जनता को चटाया गया है, वह 2024 में जरूर उतरेगा, क्योंकि इन्हे मँहगाई, बेरोजगारी और गरीबी दिखाई नहीं दे रही है, शिक्षा के नाम खुली लूट मची है, निजी विद्यालयों को बड़े उद्योगों की चलाया जा रहा है, किसान और आम गरीब जनता शिक्षा कोशो दूर जा चुकी है, यदि मुफ्त में अनाज देना ये बंद कर दे तो लाखों लोग भूखों मर जायेंगे आज देश में गरीबी का स्तर ये हो गया है । मैं मीडिया से पूछना चाहती हूँ कि धर्म एवं पाखण्ड पर डिवेट करते हैं और रोजगार, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा पर कितनी डिवेट होती है, अब जनता छलावा की राजनीति और बहने मुख्यमंत्री के छलावे को समझ चुकी हैं जिसका जबाव आगामी 2023-24 के चुनावों में मिलेगा और गुलाबी गैंग अब संपूर्ण प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी ।

### आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन

## अष्टान्हिका पर्व आज से - सिद्धचक्र महामण्डल विधान होगा

छिन्दवाड़ा । आज फाल्गुन शुक्ल अष्टमी शुभ दिवस सोमवार से जैन दर्शन में आत्म शुद्धि एवं धर्माराधना के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका का मंगलमय शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर सकल जैन समाज के साथ श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावक - श्राविकाएँ विविध अनुष्ठानों के साथ आगामी आठ दिनों तक धर्माराधना करेंगे।

फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव का शुभारंभ आज प्रातः 7 बजे अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में श्री जिनबिम्ब प्रक्षालन से होगा पश्चात श्रीमती ऊषाकिरण जैन के निवास गोल गंज से मंगल कलश शौभायात्रा निकलेगी जो मंगलगान के साथ आदिनाथ जिनालय पहुंचेंगी जहां मंगल कलशों की स्थापना के पश्चात जिनालय पर ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से जिनेन्द्र पूजन एवं सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ होगा। जिसके विधानाचार्य पंडित कांतिकुमार जैन इंदौर एवं स्थानीय विद्वान पण्डित ऋषभ शास्त्री सहित अन्य विध्वतगण रहेंगे। मंगल महोत्सव पर प्रातः विधान के पश्चात एवं रात्रि 8.30 बजे से स्वाध्याय भवन में करेली से पधारे युवा विद्धवान पं. अनुभव शास्त्री एवं पण्डित अशोककुमार लुहाड़िया अलीगढ़ के श्रीमुख से माँ जिनवाणी का रसास्वादन करने का सौभाग्य सकल समाज को प्राप्त होगा। स्वाध्याय भवन में अष्टान्हिका महापर्व की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन मण्डल के मंत्री अशोक जैन, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन, चुन्नू भैय्या, गुल्लू पाटनी, विमल जैन, कमल सिंघई, ऊषाकिरण जैन एवं वर्षा पाटनी के हस्ते किया गया।


विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री चौहान विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित समस्त सदस्यों का समूह छायाचित्र।


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट उद्यान में आज सप्तपर्णी, जामुन और पीपल के पौधे लगाए।

# विश्वास सारंग की कार का हुआ एक्सीडेंट, बाल बाल बचे मंत्री



**भोपाल।** प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की कार का कल देर रात टीकमगढ़ से भोपाल आते वक्त एक्सीडेंट हो गया। सारंग टीकमगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री हैं और विकास यात्रा में भाग लेने के लिए टीकमगढ़ गए हुए थे। देर रात जब वे प्रभार जिला टीकमगढ़ से लौट रहे थे तब डिवाइडर से कार टकराने से हादसा हो गया। इस दुर्घटना में मंत्री विश्वास सारंग बाल-बाल बच गए हैं। बताया गया है कि हादसे के वक्त मंत्री सारंग के साथ परिवारजन भी थे। बताया गया है कि यह दुर्घटना सागर और माल्थोन के बीच हुई।सारंग को भी हल्की फुल्की चोट आने के समाचार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ से भोपाल लौटते समय सागर ङ्क मालथौन के बीच डिवाइडर से टकरा कर 200 मीटर तक कार घिसटती गई। दुर्घटनाग्रस्त कार को बाद में टो किया गया।


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस और राष्ट्रवादी विचारक स्व नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री निवास सभाकक्ष में उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# जब शिवराज कंधे पर कुदाली रखकर हेलीकॉप्टर से उतरे!

**झाबुआ।** आज सुबह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान झाबुआ में चल रहे आदिवासी परंपरा के कार्यक्रम 'हलमा' में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से कुदाली लेकर उतरे। यह दृश्य बेहद ही दिलचस्प था। क्योंकि, किसी ने मुख्यमंत्री को कभी ऐसी भूमिका में नहीं देखा था। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर का दरवाजा खुलते ही लोगों ने मुख्यमंत्री को कुछ इस तरह देखा तो आश्चर्य व्यक्त किया। हेलीकॉप्टर से उतरते शिवराज सिंह के कंधे पर कुदाली रखी थी।

उतरते ही कलेक्टर रजनी सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस शिवगंगा अभियान के तहत हो रहा हलमा आयोजन 25 और 26 फरवरी को किया जा रहा है। इस आयोजन में 40 हजार से ज्यादा वनवासी बंधुओं ने हाथीपावा पहाड़ी पर श्रमदान कर रहे हैं। पहले दिन राज्यपाल मंगू भाई पटेल इसमें शामिल हुए और आज मुख्यमंत्री यहां आए हैं।



**सामूहिक प्रयास यानी हलमा–** हलमा जनजाति -समाज के एक सामूहिक आयोजन को कहा जाता है। जब भी किसी परिवार या गांव क्षेत्र में कोई आपत्ति आती है या व्यक्ति को या गांव क्षेत्र को सहायता की आवश्यकता होती है, तो पूरे के पूरे गांव के लोग एक जगह एकत्र होकर उसकी सहायता करते हैं। जैसे किसी गांव में तालाब बनाना है, कुआं खोदना है या फिर किसी किसान के पास खेत जोतने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है, तो ऐसे में पूरे गांव के लोग एकत्र होकर एक साथ मिलकर उस काम को पूरा करने के लिए जुटते है। कई दिनों और महीनों के काम को वे थोड़े समय में पूरा कर देते हैं। उसके बदले में कोई पारिश्रमिक नहीं लिया जाता। खुशी से व्यक्ति उन एकत्रित लोगों को नाश्ता या भोजन अपनी इच्छा शक्ति से करवा देता है। इस सामूहिक प्रयास को ही हलमा कहा जाता है।

**हाथीपावा विकसित वन बन गया–** इस साल शिवगंगा के तहत झाबुआ में 25 व 26 फरवरी को दो दिन के हलमा का आयोजन किया जा रहा है। हाथीपावा क्षेत्र की पहाड़ी पर पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के कार्य को एक साथ हजारों आदिवासी गेती, फावड़ा, तगारी लेकर हजारों की संख्या में कंटूर ट्रेंचिंग पहाड़ी पर खोद रहे हैं। जिससे की बारिश में जल को रोका जा सके और झाबुआ के तालाबों व लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। ऐसा करने से ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ जाता है। इसी के साथ में इस पूरे पहाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं। यह कार्य पिछले लंबे समय से किया जा रहा है। जिसके कारण हाथीपावा पहाड़ी क्षेत्र विकसित वन के रूप में पल्लवित हो रहा है। वहीं यहां कई प्रकार के वन्य जीव-जंतु भी रहने लगे है, जिनमें तेंदुआ, मोर, लोमड़ी, नीलगाय, बंदर आदि जानवर शामिल हैं।

# भोपाल के अहाता कर्मचारियों ने जगदीश देवड़ा को सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** चतुर बंगले मंत्री जगदीश देवड़ा के निवास पर अहाता कर्मचारी ने मुलाकात की जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि अप्रैल माह में जो सरकार की नई नीति मैं खाता बंद करने का प्रस्ताव आया है उसे जल्द से जल्द रद्द किया जाए क्योंकि अगर आता बंद होंगे तो लाखों कर्मचारी कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे और बेरोजगारी की कगार बढ़ जाएगी साथ ही जो कर्मचारी यों के पास रोजगार का दूसरा साधन नहीं है आता के अलावा उनके परिवार का पालन पोषण बेहद बुरा होने शुरू हो जाएगा और अगर आता बंद होता है तो शराब पीने वाले लोग सड़क पुल गार्डन आदि स्थानों में बैठकर शराब पिएंगे और वहां गंदगी भी खिलाएंगे और अपराध भी बढ़ेंगे हमारा आपसे निवेदन है कि हमारी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए हाथों को यथावत चालू रखा जाए और आदेश में परिवर्तन करा था खोलने एवं बंद होने का एक समय और स्कूल कॉलेज खुलने से 1 घंटे पूर्व बंद होने के 1 घंटे बाद की खुलने की समय पर दी जाए और जिसे आता में काम कर रहे कर्मचारियों का पालन पोषण भी चलता रहे इस मौके पर कर्मचारियों ने मंत्री जगदीश देवड़ा जी को सौंपा ज्ञापन।

## वित्त मंत्री से मुलाकात

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से इंडियन ओवरसीज बैंक के संपर्क अभियान के अंतर्गत भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक नितेश कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक विजेंद्र सिंह बिसेन, संसाधन प्रबंधक नीरज कुमार ने सौजन्य भेंट की एवं बैंक की कार्ययोजना से अवगत करवाया।











दिल्ली में अखिल भारतीय मिथिला संघ में प्रभात झा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया उन्होंने मिथिलावासियों को संबोधित किया। गुजरात के शाश्वत मिथिला फाउंडेशन के पदाधिकारियों के साथ मिथिला साहित्य का विमोचन करते हुए अखिल भारतीय मिथिला संघ के अध्यक्ष विजयचंद झा और उनके टीम को बहुत बहुत बधाई।

# अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्था 'एनएआई' में पल्लवी सीनियर मेंबर के तौर पर होंगी शामिल!

**भोपाल।** उपलब्धियों के आसमान की कोई सीमा नहीं होती, जितनी प्रतिभा हो उतना ऊंचा उड़ा जा सकता है। इस बात को साबित किया है, मध्य प्रदेश की बेटी पल्लवी तिवारी ने। उन्होंने एक बार फिर दुनिया, देश और प्रदेश में अपना नाम रोशन किया। नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स (द्वढ्ढ) 25 से 27 जून, 2023 तक वाशिंगटन, डीसी में आयोजित होने वाले 12वें वार्षिक सम्मेलन में पल्लवी तिवारी को द्वढ्ढ के सीनियर मेंबर के तौर पर शामिल करेगा। इस मीट में रिसर्च के क्षेत्र में दुनिया की अलग-अलग यूनिवर्सिटी में कार्यरत साइंटिस्ट शामिल होंगे।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाली पल्लवी मध्य प्रदेश की संभवत पहली और अकेली महिला है। पल्लवी तिवारी शोध के क्षेत्र में दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत सिर्फ 95 लोगों में शामिल की गई हैं जिनका चयन द्वढ्ढ ने सीनियर मेंबर के तौर पर किया गया। पल्लवी अमेरिका के सुप्रसिद्ध विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में साइंटिस्ट होने के साथ रेडियोलॉजी और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर और कैंसर सेंटर में इमेजिंग और रेडिएशन साइंसेज विभाग की को डायरेक्टर है।

**एनएआई ने कहा 'पल्लवी रिसर्च के क्षेत्र में उभरती हुई लीडर'–** नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स ने पल्लवी तिवारी को सीनियर मेंबर के तौर पर शामिल करते हुए बधाई दी है। पल्लवी तिवारी को लिखे पत्र में नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स ने कहा कि 'नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स के वरिष्ठ सदस्य सलाहकार समिति और निदेशक मंडल की और से हमें आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आपको द्वढ्ढ का वरिष्ठ सदस्य नामित किया गया है। आपको इसलिए नामित किया जा रहा, क्योंकि आप एक अकादमिक आविष्कारक हैं जो पेटेंट, लाइसेंसिंग और व्यावसायीकरण में सफलता के साथ अपने क्षेत्र में एक उभरती हुई लीडर हैं।



पत्र में आगे लिखा कि आपको इसलिए नामित किया जा रहा है, क्योंकि आप ऐसी तकनीकों का निर्माण करने के लिए जानी जाती हैं, जो समाज के कल्याण पर वास्तविक प्रभाव लाई हैं या लाने की आकांक्षा रखते हैं। हम विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में आपकी उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के लिए उत्साहित हैं। अब आप दुनियाभर में द्वढ्ढ सदस्य संस्थानों से संबद्ध 430 वरिष्ठ सदस्यों में से एक हैं।

**पल्लवी को अमेरिका और भारत में कई सम्मान मिले–** शोध के क्षेत्र में अमेरिका में पिछले 10 साल से काम करते हुए पल्लवी तिवारी को इससे पहले भी कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा चयनित भारत की 100 वुमन अचीवर में पल्लवी भी शामिल है। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने सम्मानित भी किया था। दुनिया की प्रतिष्ठित मैगजीन 'फोर्ब्स' द्वारा लिए इंटरव्यू में पल्लवी की वैज्ञानिक उपलब्धियों विशेषकर कैंसर के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय खोज को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। वे अमेरिका में 2009 में यंग साइंटिस्ट अवार्ड से नवाजी गई। अमेरिका में ही वे 40 अंडर 40 अवॉर्ड से सम्मानित की गई।

**शिक्षा में भी प्रतिभाशाली–** पल्लवी ने इंदौर के केंद्रीय विद्यालय से स्कूली और जीएसआईटीएस से बायोमेडिकल विषय में इंजीनियरिंग डिग्री करने के बाद अमेरिका की जाने-माने विश्वविद्यालय रटगर्स में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद वे क्लीवलैंड में केस वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर बनी। पिछले सालों में उन्होंने कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज की खोज में अद्भुत कार्य किया। पल्लवी के 50 पीयर रिव्यूड एब्स्ट्रेक्ट होने के साथ ही 12 पेटेंट हैं। उन्हें अमेरिका में कई वैज्ञानिक अवॉर्ड्स और पुरस्कार मिल चुके हैं।

**क्या है एनएआई –** एनएआई के वरिष्ठ सदस्य विभिन्न संस्थानों के सक्रिय संकाय, वैज्ञानिक और प्रशासक हैं जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय नवाचार के लिए जाने जाते हैं जो समाज की उन्नति में बहुत सहायक सिद्ध हुए हैं और इन्होने मानव जीवन पर एक गहरा प्रभाव छोड़ा है। द्वढ्ढ एक अत्यंत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित संस्थान है जो दुनिया भर में अगली पीढ़ी के अन्वेषकों को शिक्षित और सलाह देने के साथ-साथ उन्हें पेटेंट, लाइसेंसिंग और व्यावसायीकरण में भी सहायता करता है। एनएआई के वरिष्ठ सदस्यों के इस नवीनतम वर्ग में 48 उत्कृष्ट महिला और अन्य शैक्षणिक आविष्कारक शामिल हैं। पॉल आर सैनबर्ग, एफएनएआई, एनएआई के प्रेसिडेंट ने कहा, ÷मैं यह देखकर खुश हूं कि महज दो साल में इस कार्यक्रम का विस्तार कैसे हुआ है।÷ आविष्कार को न केवल सम्मानित किया जा रहा है, बल्कि प्राथमिकता भी दी जा रही है। एनएआई के वरिष्ठ सदस्य किसी व्यक्ति को संस्था में सीनियर मेंबर के तौर पर नामित करने के लिए उसकी क्षमता तथा उसके आविष्कारों और नवाचार के क्षेत्र के उपलब्धियों के आधार पर करते हैं। इन सदस्य संगठनों में से प्रत्येक को व्यापक रूप से नवाचार पावर हाउस के रूप में माना जाता है जो नवाचार की भावना को लगातार बढ़ावा देते हैं।

# मप बाक्सिंग अकादमी ने हिमाचल प्रदेश में जीते दो स्वर्ण व पांच कांस्य पदक

**भोपाल।** मप्र बाक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित आल इंडिया सीनियर बाक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। मप्र ने दो स्वर्ण व पांच कांस्य सहित कुल सात पदक जीते। मप्र अकादमी के अमन सिंह 92 किग्रा से अधिक में तथा पारस ने 92 किग्रा में स्वर्ण पदक जीते, वहीं अमन कुमार ने 51 किग्रा, रुचर ने 54 किग्रा में, करन गुप्ता ने 57 किग्रा में सक्षम ने 80 किग्रा में तथा सौरभ यादव ने 86किग्रा में कांस्य पदक जीते। मप्र बाक्सिंग अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल के मार्ग दर्शन में मप्र की टीम इस चैंपियनशिप में खेलने गई थी। उल्लेखनीय है कि कोच रोशनलाल के मार्गदर्शन में मप्र अकादमी ने इसी माह आयोजित खेलो इंडिया में दो स्वर्ण, चार रजत व सात कांस्य सहित कुल 13 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था।

VAISHNAVI INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND SCIENCE
(Approved by AICTE New Delhi & DTE, Madhya Pradesh) Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
Applications are invited for the appointment for teaching positions under College Code 28 of the University for MBA (marketing Management and MBA (General) program for subjects of Marketing, Finance & Human Resource Management.
VILLAGE MENDUA, BHOJPUR ROAD, BHOPAL DIST. RAISEN
APPOINTMENTS
PRINCIPAL | PROFESSOR | ASSOCIATES PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR | LAB ASSISTANTS
ACCOUNTANT- LIBRARIAN- OFFICE STAFF
SUBJECTS:- MBA (Marketing management), MBA (Marketing/ Finance /Hr) Qualification & Experience as per A.I.C.T.E. Norms
Kindly Send Your Resume with in 12 days on Mail ID- vim.bhopal17@gmail.com